राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर !

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 80
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 18 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट

पेज 3 500 करोड़ से सड़कों की होगी रिसरफेसिंग

पेज 4 लखनऊ पुलिस से भिड़े कांग्रेसी, बैरिकेडिंग पर चढ़े

पेज 6 मंधाना को 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025' अवॉर्ड

## संक्षिप्त खबरें

### गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर ने प्रिंसिपल पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की एक महिला डॉक्टर ने मंगलवार को संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. अच्युत बैश्य द्वारा कार्यस्थल पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एफआइआर दर्ज कराई है, जिसके बाद जांच शुरू की गई है। एसोसिएट प्रोफेसर और क्लिनिकल साइकोलॉजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष ने इससे पहले छह फरवरी को मुख्यमंत्री कार्यालय को एक विस्तृत शिकायत सौंपी थी, जिसमें उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अनुचित व्यवहार, धमकी और प्रशासनिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

### बेटे ने बाप पर किया धारदार हथियार से हमला, बुजुर्ग की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में बेटे ने प्रॉपर्टी और पारिवारिक झगड़ों को लेकर कथित तौर पर बेटे ने पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसके बाद 70 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना इंदिरानगर पुलिस स्टेशन के डूपनहल्ली में हुई है। इंदिरानगर में रहने वाले मुनिकृष्णप्पा के बेटे मोहन कुमार ने कथित तौर पर हमला किया था। हमले में लगी चोटों से उसकी मौत हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। एक ऐसा ही मामला तब सामने आया जब कुछ दिन पहले एक आदमी ने कथित तौर पर विज्ञान नगर में अपने माता-पिता की उनके घर पर चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

## तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने

**मंत्रिमंडल में 1 हिंदू-1 बौद्ध समेत 49 मंत्री; पीएम मोदी ने भारत आने का न्योता दिया**

**ढाका।** बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं।

इससे पहले आज दोपहर में बीएनपी के सांसदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं। 17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई रॉय चौधरी और एक बौद्ध मंत्री दिपेन देवान चकमा भी शामिल है। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-नेताओं को भाषण से पहले विचार सुधारने की जरूरत

**उन्हें देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए; वैचारिक सिद्धांतों पर चुनाव लड़ें लेकिन आपसी सम्मान भी जरूरी**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हेट स्पीच से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान नेताओं और उच्च संवैधानिक पद पर बैठे अधिकारियों को देश में भाईचारा बढ़ाने और संविधान के मूल्यों के हिसाब से व्यवहार करने और बोलने की नसीहत दी। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा- नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना होगा। नफरत भरे भाषणों को रोकने के लिए पहले सोच को सुधारने की आवश्यकता है। क्योंकि भाषण से पहले विचार आते हैं।

सीजेआई ने कहा- सभी राजनीतिक दलों से हमारी अपील है कि आप संवैधानिक नैतिकता, मूल्यों, आपसी सम्मान और आत्मसम्मान के सिद्धांतों का पालन कीजिए। ये ठीक है कि आप वैचारिक सिद्धांतों के आधार पर चुनाव लड़ते हैं, लेकिन एकदूसरे का सम्मान करना भी जरूरी है। आप लोगों से इस तरह के व्यवहार की अपेक्षा नहीं कर सकते।

### असम सीएम के हालिया भाषणों के खिलाफ याचिका

सुप्रीम कोर्ट नौ लोगों की तरफ से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के हालिया भाषणों और भाजपा असम की तरफ से पोस्ट किए गए एक वीडियो के मद्देनजर दायर की गई थी। वीडियो में एक खास समुदाय को टारगेट करने का आरोप लगा था। याचिका में संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए गलत और नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई थी।



# पहले दिन एआई समिट फेल

- एआई समिट में भीड़ और अव्यवस्था से डेलीगेट्स परेशान
- सामान चोरी हुआ, घंटों कतार में खड़े रहे; आईटी मिनिस्टर वैष्णव ने माफी मांगी

नई दिल्ली। दिल्ली के भारत मंडपम में दुनिया के सबसे बड़े टेक इवेंट में से एक 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' चल रहा है। इसके पहले दिन 16 फरवरी को हुई अव्यवस्थाओं पर केंद्र सरकार ने माफी मांगी है।

पहले दिन हजारों की संख्या में स्टार्टअप फाउंडर्स, टेक एक्सपर्ट्स और विदेशी डेलीगेट्स पहुंचे थे। भारी भीड़ और कड़ी सुरक्षा के कारण एंट्री पॉइंट्स पर लंबी कतारें लग गईं। ग्लोबल टेक कंपनियों के प्रतिनिधि और डेलीगेट्स को घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ के सामान भी चोरी हुए।

### 70 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे, भीड़ से बिगड़े हालात


केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज 17 फरवरी को कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी एआई समिट है। पहले दिन ही 70 हजार से ज्यादा लोग कार्यक्रम में पहुंचे। अब इंतजाम ठीक हैं, लेकिन अगर कल किसी को परेशानी हुई तो हम उसके लिए माफी मांगते हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार सुझावों के लिए तैयार है और अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है जो चौबीसों घंटे काम कर रहा है।

'वॉर रूम' एक ऐसा कंट्रोल सेंटर होता है जहां से पूरे वेन्यू की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाती है।

### कांग्रेस बोली- मोदी की 'रील' के चक्कर में देश की इमेज बर्बाद

समिट में हुई अव्यवस्ता पर कांग्रेस ने एक पोस्ट किया है। इसमें लिखा- दिल्ली में एआई समिट हो रहा है, लेकिन वहां के हालात बहुत ही भयानक हैं।




समिट में मिस-मैनेजमेंट से फाउंडर्स और एग्जिबिटर्स बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि पीएम मोदी के आने के लिए मेन हॉल खाली करा दिया गया और एग्जिबिटर्स को उनके ही पेड स्टॉल्स से निकाल दिया गया।

### इसके अलावा समिट में लोगों को कई दिक्कतें झेलनी पड़ीं, जैसे

➡ सिक्योरिटी लैप्स के चलते कई सारे प्रोडक्ट्स चोरी हो गए

➡ समिट वेन्यू में इंटरनेट न चलने की वजह से डेमो फेल हो गए

➡ फाउंडर्स/एग्जिबिटर्स वेन्यू में एंट्री के लिए घंटों लाइन में खड़े रहे

➡ एआई और टेक इवेंट में लैपटॉप, बैग, कैमरा, वाटर बॉटल बैन था

➡ समिट में पेमेंट मोड सिर्फ कैश रहा, कई एग्जिबिटर्स भूखे रहे

ये सब इसलिए हुआ क्योंकि एआई समिट के पहले ही दिन नरेंद्र मोदी अपने लाव-लश्कर के साथ वहां फोटो खिंचवाने और रील बनवाने पहुंच गए। ये दिखाता है कि मोदी को सिर्फ अपनी छवि चमकाने से मतलब है। विश्व स्तर पर देश की इमेज बर्बाद होने से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।

### छत्तीसगढ़ में बड़ी वारदात : जेल की दीवार फांदकर 13 गंभीर अपराधी बालक फरार

**रगुजा।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के प्लेस ऑफ सेफ्टी से सोमवार की रात 13 अपचारी बालक परिसर की दीवार फांदकर फरार हो गए। इनमें से चार अपचारी बालकों को पकड़ लिया गया है। ये सभी हत्या, हत्या के प्रयास, और दुष्कर्म जैसी गंभीर घटनाओं में संलिप्त थे। घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब, रात करीब नौ बजे भोजन के बाद अपचारी बालकों को वार्ड के भीतर ले जाया जा रहा था। इस दौरान अपचारी बालकों ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड पर हमला भी किया। प्लेस ऑफ सेफ्टी के प्रभारी भानू प्रताप ने बताया कि यह संस्थान गंभीर अपराधों में निरुद्ध किशोरों के लिए संचालित है, जहां 15 से 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को रखा जाता है। संस्थान की क्षमता 25 की है, लेकिन घटना के समय वहां 36 बालकों को रखा गया था। गांधीनगर थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि थाने में 13 अपचारी किशोरों के फरार होने की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द

**कर्नाटक चुनाव में 40 प्रतिशत कमीशन वाले विज्ञापन का मामला, हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका खारिज की**



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले '40 प्रतिशत कमीशन' वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था। करप्शन रेट कार्ड वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से 40 प्रतिशत कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया। मामले में कर्नाटक की अदालत ने जून 2023 में सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 1 जून 2024 को सिद्धारमैया, शिवकुमार को और 7 जून 2024 को राहुल को जमानत दे दी थी। हालांकि राहुल गांधी ने समन को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस सुनील दत्त यादव की सिंगल बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की याचिका मंजूर की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की कार्यवाही आगे बढ़ाना कानून की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा।

### हैप्पी मॉर्निंग

पति- जज साहिब, मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए वो बर्तन फेंक कर मारती है? जज- बर्तन अभी मारना शुरू किया है या पहले से ही मार रही है। पति- पहले से ही
जज- तो इतने साल बाद तलाक क्यों पति- क्योंकि अब उसका निशाना पक्का हो गया है।

### शायरी

हज़ारों ज़ुल्म हों मज़लूम पर तो
चुप रहे दुनिया
अगर मज़लूम कुछ बोले तो
दहशत-गर्द कहती है

## हरियाणा में पकड़े गए 2 पाकिस्तानी

**जम्मू पुलिस पर हमला कर भागे थे, अंबाला एसटीएफ ने दबोचे; 2 अन्य साथी चकमा देकर भागे**

**अंबाला।** हरियाणा एसटीएफ ने अंबाला कैंट से 2 पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा है। दोनों अंबाला से ट्रेन पकड़ने की फिराक में थे। वहीं इनके 2 साथी एसटीएफ को देखते ही स्टेशन से फरार हो गए।

दोनों आरोपी कल (16 फरवरी) को जम्मू के आरएसपुरा स्थित बाल सुधार गृह से भागे थे। इन्होंने सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया था। आशंका है कि आरोपी जम्मू से ट्रेन पकड़कर अंबाला पहुंचे। अधिकारियों का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों में से एक मोहम्मद सनाउल्लाह अवैध रूप से बॉर्डर क्रास कर रहा था। जिसे सुरक्षा एजेंसियों ने बॉर्डर पर ही पकड़ लिया था। इसके बाद से ही इन्हें बाल सुधार गृग में रखा गया था। अंबाला में एसटीएफ ने मंगलवार शाम को मोहम्मद सनाउल्लाह (20) निवासी मुजफ्फरगढ़, पंजाब (पाकिस्तान)




और अहसान अनवर (21) निवासी, ननकाना साहिब, पंजाब (पाकिस्तान) को गिरफ्तार कर लिया। सनाउल्लाह 2021 से अवैध बॉर्डर क्रॉसिंग के आरोप में बाल सुधार गृह में था। जबकि अनवर 2019 से अवैध घुसपैठ के आरोप में बंद था।

### पुलिसकर्मी पर फायरिंग कर भागे थे

16 फरवरी की शाम करीब 5 बजे इन दोनों ने अपने एक अन्य साथी कर्णजीत सिंह उर्फ गूंगा के साथ मिलकर भागने की साजिश रची थी। गूंगा की भारत की ही रहने वाला है। जेल में ही तीनों की पहचान हुई थी।

इसी दौरान कर्णजीत सिंह उर्फ गूंगा ने अपनी अवैध पिस्टल से ड्यूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी थी। दोनों पुलिसकर्मियों का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### रोहित शेट्टी के घर गोलीबारी केस : पांच आरोपियों की पुलिस हिरासत 23 फरवरी तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के आवास पर हुई गोलीबारी के संबंध में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपितों की पुलिस हिरासत मंगलवार को 23 फरवरी तक बढ़ा दी। पुलिस ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की विशेष अदालत को बताया कि बाद में गिरफ्तार किए गए लोगों के साथ संयुक्त पूछताछ के लिए इनकी हिरासत अभी आवश्यक है। इस मामले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें रविवार को हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पकड़े गए सात लोग शामिल हैं। इन सातों को 25 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। पहले गिरफ्तार पांच आरोपितों आदित्य गायकी, सिद्धार्थ येनपुरे, समर्थ पोमाजी, स्वप्निल सकट और आसाराम फसाले को उनकी हिरासत अवधि की समाप्ति पर विशेष न्यायाधीश महेश जाधव के समक्ष पेश किया गया।

## अजित पवार प्लेन क्रैश : विमान के रिकॉर्डर क्षतिग्रस्त, सीबीआई जांच की मांग तेज

**नई दिल्ली।** विमान दुर्घटनाओं की जांच करने वाली एजेंसी एएआइबी ने मंगलवार को कहा कि बारामती में पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए लीयरजेट 45 विमान में दो फ्लाइट रिकॉर्डर लगे थे। दोनों रिकॉर्डर दुर्घटना के बाद आग से क्षतिग्रस्त हो गए।

दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) ने कॉकपिट वायस रिकॉर्डर (सीवीआर) से डाटा प्राप्त करने के लिए विशेष सहायता मांगी है। 28 जनवरी को हुई विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। यह विमान वीएसआर वेंचर्स का था। एएआइबी के अनुसार एल3-कम्युनिकेशंस द्वारा निर्मित डिजिटल फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) को फ्लाइट रिकॉर्डर प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक डाउनलोड किया गया है।



जांच एजेंसी ने कहा, हनीवेल द्वारा निर्मित कॉकपिट वायस रिकॉर्डर (सीवीआर) की तकनीकी जांच की जा रही है। डाटा पुन : प्राप्त करने में विशेष सहायता के लिए निर्माता देश के मान्यता प्राप्त प्रतिनिधि से सहायता मांगी गई है।

इस मामले में सीवीआर का निर्माण अमेरिका में हुआ है। सभी हितधारकों से अटकलों से बचने का अनुरोध करते हुए एएआइबी ने कहा कि वह व्यापक, साक्ष्य-आधारित जांच सुनिश्चित करने के लिए सभी निर्धारित तकनीकी और प्रक्रियात्मक प्रोटोकॉल का पालन कर रहा है।

### फडणवीस से मिलीं सुनेत्रा पवार, सीबीआई जांच की मांग

महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार राकांपा के वरिष्ठ नेताओं सुनील तटकरे, प्रफुल पटेल, हसन मुश्रीफ और बड़े बेटे पार्थ पवार के साथ मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिली और अजित पवार के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर पत्र सौंपा।

सुनील तटकरे ने कहा, मुख्यमंत्री ने हमें आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से संपर्क करेगी। सरकार ने पहले ही स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा जांच शुरू कर दी है।

### अर्थसार

सेंसेक्स:
83,450.96
+173.81 (0.21%)
निफ्टी:
25,725.40
+42.65

### मौसम

अधिकतम : 23 डिग्री से0
न्यूनतम : 13 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 7 : 15
सूर्यास्त बुधवार : 6 : 18

## ओडिशा के कोणार्क मंदिर के गर्भगृह में जा सकेंगे श्रद्धालु

**122 साल से भरी हुई रेत हटा रहे एक्सपर्ट्स; इसमें 3 महीने लगेंगे**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में स्थित 13वीं शताब्दी के कोणार्क मंदिर के गर्भगृह में अब पर्यटक जा सकेंगे। अभी इसमें रेत भरी हुई है जिसे हटाने का काम जारी है। मंदिर के पीछे 15 फीट उंची दीवार है। इसे गिरने से बचाने के लिए अंग्रेजों ने 1903-04 में मंदिर के गर्भगृह में हजारों टन रेत भरवा दी थी।

एक सदी से ज्यादा वक्त बीत चुका है, लेकिन आज तक मंदिर के गर्भगृह( जगमोहन हॉल) में कोई नहीं जा सका। भारतीय पुरातत्व विभाग और आईआईटी मद्रास के एक्सपर्ट्स की 30 लोगों की टीम को इसे हटाने का टास्क दिया गया है।



एएसआई पुरी सर्किल के सुपरीटेंडेंट डीबी गढ़नायक ने बताया कि पूरी तरह रेत निकालने में 3 महीने लगेंगे। सबकुछ ठीक रहा तो एक साल बाद श्रद्धालु पहली बार इस ऐतिहासिक मंदिर के गर्भगृह में जा सकेंगे।

**धमकी** — खालिस्तानी आतंकियों ने बेअंत सिंह जैसा हाल करने की धमकी दी, भगवंत मान अस्पताल में भर्ती

## पंजाब सीएम को जहरीला केमिकल पोलोनियम देने का दावा

**मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी गई है। खालिस्तान समर्थक संगठन, खालिस्तान नेशनल आर्मी ने प्रशासन को ईमेल भेजकर धमकी दी कि सीएम मान को भाई दिलावर सिंह के वारिसों ने पोलोनियम से संक्रमित किया है। अगर वे बच गए तो उनका पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह जैसा हाल करेंगे।

सीएम मान मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस अस्पताल समेत 16 स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी।

मोहाली के एसपी सिटी दिलप्रीत सिंह ने ईमेल की पुष्टि की है। एसपी का कहना है कि धमकी भरा ईमेल आया है। हम सभी चीजों को वैरिफाई कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। अस्पताल की अच्छी तरह से जांच की गई है। सीनियर्स के अगले आदेश तक फोर्स को हॉस्पिटल में तैनात रखा जाएगा।

वहीं, फोर्टिस अस्पताल ने कहा कि नियमित जांच के लिए सीएम आए थे। उनका पूरा क्लिनिकल असेसमेंट और स्टैंडर्ड डायग्नोस्टिक जांच हुई। सभी जरूरी पैरामीटर स्थिर हैं और नॉर्मल लिमिट में हैं। उन्हें ज्यादा थकान महसूस हो रही थी,



इसलिए ऑब्जर्वेशन और सपोर्टिव केयर के लिए भर्ती किया गया। उनकी हालत स्थिर है।

आम आदमी पार्टी के नेता बलतेज सिंह पन्नू ने कहा- मैं अपील करना चाहता हूं। अगर कोई फेक ईमेल या फेक मैसेज मिले, तो प्लीज उसे बिना वेरिफाई किए न्यूज में न डालें। कुछ लोग ऐसे मैसेज से पैनिक पैदा करने की कोशिश करते हैं, पहले भी ऐसे ईमेल आए हैं।

### दोपहर 1.11 बजे ब्लास्ट की धमकी

एसपी दिलप्रीत सिंह ने बताया कि मेल में ब्लास्ट का टाइम दोपहर 1.11 बजे दिया गया, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। सुबह साढ़े 7 बजे थ्रेट मेल मिलते ही फोर्टिस अस्पताल और स्कूलों की जांच शुरू की गई। शुरुआती जांच में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली लेकिन चांस नहीं लिया जा सकता। पंजाब में एक हफ्ते के अंदर खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस तरह की धमकी वाली ये दूसरी मेल भेजी है। इससे पहले 11 फरवरी को भी संगठन ने मेल भेजकर दावा किया था कि पंजाब सीएम को 13 फरवरी को मानव बम से उड़ाया जाएगा। उस मेल में भी कुछ स्कूलों को धमकी दी गई थी।

खालिस्तान नेशनल आर्मी ने अपनी मेल में जिस दिलावर सिंह का जिक्र किया है, वह एक कॉन्स्टेबल था जिसने 31 अगस्त 1995 को पंजाब के तत्कालीन सीएम बेअंत सिंह को चंडीगढ़ सचिवालय में मानव बम से उड़ा दिया था।

# संपादकीय

## महंगाई : आम आदमी की कमर तोड़ती एक गंभीर चुनौती



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज के दौर में यदि किसी औसत भारतीय परिवार से उनकी सबसे बड़ी समस्या पूछी जाए, तो उत्तर लगभग एक ही होगा— महंगाई। पिछले कुछ वर्षों में दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में जिस गति से वृद्धि हुई है, उसने आम आदमी के घरेलू बजट को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया वाली कहावत आज के समय में बिल्कुल सटीक बैठती है।

### आसमान छूती कीमतें और थाली का स्वाद

महंगाई का सबसे सीधा और क्रूर प्रहार रसोई पर हुआ है। दाल, चावल, आटा और खाद्य तेल जैसी बुनियादी चीजों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। कभी प्याज के दाम रुलाते हैं, तो कभी टमाटर के भाव आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाते हैं। जब रसोई गैस के सिलेंडर और दूध के दामों में वृद्धि होती है, तो इसका असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे परिवार के पोषण स्तर पर पड़ता है। कई घरों में अब फल और हरी सब्जियां लग्जरी आइटम बनती जा रही हैं।

### ईंधन और परिवहन का असर

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी महंगाई की आग में घी डालने का काम करती है। जब ईंधन महंगा होता है, तो माल ढुलाई की लागत बढ़ जाती है, जिससे अंततः बाजार में पहुंचने वाली हर वस्तु महंगी हो जाती है। इसके अलावा, सार्वजनिक परिवहन और ऑटो-टैक्सी के बढ़ते किराए ने कामकाजी वर्ग की बचत को शून्य कर दिया है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य: पहुंच से दूर

महंगाई केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं है। निजी स्कूलों की बढ़ती फीस और अस्पताल के खर्चों ने मध्यम वर्ग की रातों की नींद उड़ा दी है। एक सामान्य बीमारी का इलाज भी अब हजारों में होता है। जीवन की इन अनिवार्य आवश्यकताओं के लिए लोग अब कर्ज लेने पर मजबूर हैं, जो उन्हें कर्ज के एक ऐसे चक्र में फंसा देता है जिससे निकलना मुश्किल होता जा रहा है।

### बढ़ती महंगाई के मुख्य कारण

**महंगाई बढ़ने के पीछे कई वैश्विक और घरेलू कारक जिम्मेदार हैं :**

**वैश्विक अस्थिरता :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और युद्ध जैसी स्थितियों (जैसे रूस-यूक्रेन संघर्ष) ने सप्लाई चेन को प्रभावित किया है।

**जलवायु परिवर्तन :** बेमौसम बारिश और अत्यधिक गर्मी के कारण फसलों की बर्बादी ने खाद्य आपूर्ति को कम कर दिया है, जिससे मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ गया है।

**डॉलर के मुकाबले रुपए की कमजोरी :** आयात होने वाली वस्तुओं की लागत बढ़ना भी एक बड़ा कारण है।

### समाधान की राह

**महंगाई पर लगाम कसना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए ठोस आर्थिक नीतियों और नागरिक जागरूकता की भी आवश्यकता है :**

**सरकारी हस्तक्षेप :** आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी रोकने के लिए सख्त कानून और बाजार की नियमित निगरानी जरूरी है।

**कृषि क्षेत्र में सुधार :** कोल्ड स्टोरेज और बेहतर लॉजिस्टिक्स की व्यवस्था करके फसलों की बर्बादी को रोका जा सकता है।

**स्वदेशी उत्पादन :** आयात पर निर्भरता कम करके हम वैश्विक उतार-चढ़ाव से बच सकते हैं।

**बचत और जागरूकता :** आम जनता को भी अनावश्यक खर्चों में कटौती कर अपनी वित्तीय योजना को मजबूत बनाना होगा।

### निष्कर्ष

बढ़ती महंगाई केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह करोड़ों लोगों के जीवन स्तर और उनके सपनों से जुड़ा मुद्दा है। यदि समय रहते इसे नियंत्रित नहीं किया गया, तो समाज में आर्थिक असमानता की खाई और गहरी हो जाएगी। विकास का अर्थ तभी सार्थक है जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी गरिमापूर्ण जीवन जी सके और अपनी बुनियादी जरूरतों को बिना किसी मानसिक तनाव के पूरा कर सके।

## एआई से दोस्ती

भारत ने बदलती वैश्विक हवा की दिशा-दशा को पहचानते हुए देश में जिस सबसे बड़ी एआई समिट आयोजित कराने का फैसला किया, उसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इस पांच दिवसीय शिखर सम्मेलन की सार्थकता का पता इस बात से चलता है कि इसमें सौ बड़ी कंपनियों के सीईओ, बीस के करीब देशों के राष्ट्राध्यक्ष और 135 देशों के प्रतिनिधि जुटने की बात कही जा रही है। हाल के वर्षों में, दुनिया के सबसे ज्यादा युवाओं के देश भारत में एआई को लेकर जिस तरह का उत्साह व जुनून देखने को मिल रहा है, उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में वो देश को दुनिया में एआई का हब बना ही देगा। वहीं दूसरी ओर महत्वपूर्ण बात यह भी है कि एआई भारत में आम लोगों के जीवन में बदलाव की वाहक बने। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई भारत समेत दुनिया के देशों में आज सुशासन, विकास व नागरिक सेवाओं के बेहतर निस्तारण में कारगर भूमिका निभा रही है। यही वजह है कि ग्लोबल साउथ के देश हमारी ओर बड़ी उम्मीद से देख रहे हैं कि भारत द्वारा विकसित एआई के दिशा-निर्देश और नीतियां उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिये मददगार साबित होंगी। आज दुनिया में विकसित व धनी देश एआई को अपनी संकीर्ण आर्थिक व राजनीतिक हितों की पूर्ति का साधन बना रहे हैं, उससे गरीब व विकासशील देशों में असुरक्षाबोध पैदा हो रहा है। यह सुखद ही कि देश की राजधानी दिल्ली पांच दिन तक दुनिया में एआई कैपिटल बनी रहेगी। वहीं दूसरी ओर, 20 फरवरी तक भारत मंडपम में आयोजित की जा रही पांच दिवसीय इंडिया समिट में करीब तीन लाख लोगों का रजिस्ट्रेशन कराना, इस आयोजन की सार्थकता व सफलता को ही उजागर करता है। इसमें दो राय नहीं है कि हाल के वर्षों मे भारत ने खुद को एक एआई पॉवर हाउस के रूप में विकसित करने का प्रयास किया है। साथ ही विशाल डाटा संसाधन के साथ ही एआई वर्क फोर्स को भी तैयार किया है।


निस्संदेह, इंडिया समिट तकनीकी क्रांति के बीच नई संभावनाओं को तलाशने की भारत की सकारात्मक पहल है। विश्वास किया जा रहा है कि इस सम्मेलन के जरिये भारत दुनिया में एआई को जवाबदेह, स्थायी और समावेशी तकनीक के रूप में स्थापित करने का प्रयास करेगा।

इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में एआई की स्वीकार्यता व कारोबार तेजी से बढ़ा है। लेकिन विडंबना यह है कि तमाम धनी राष्ट्रों में इस तकनीक को अपना जिन्न बनाने की होड़ लगी है।

जो कालांतर दुनिया में पहले से ही व्याप्त आर्थिक असमानता को और ही बढ़ाएगा। सही मायनों में दुनिया में समावेशी समाज बनाने और आर्थिक विषमता को दूर करने के लिये जरूरी है कि एआई का उपयोग लोकतांत्रिक तरीके से नैतिकतापूर्ण ढंग से किया जाए।

# छत्रपति शिवाजी की अमर विरासत और आधुनिक भारत की दिशा

ललित गर्ग



19 फरवरी भारत के इतिहास का वह गौरवपूर्ण दिवस है, जब हम छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाते हैं। यह केवल एक जन्मतिथि का स्मरण नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उस अद्भुत अध्याय का उत्सव है, जिसने पराधीनता के अंधकार में स्वराज्य का दीप प्रज्वलित किया। सत्रहवीं शताब्दी में जब भारत का बड़ा भूभाग मुगल सत्ता, विशेषतः औरंगजेब के कठोर शासन के अधीन था, तब सह्याद्रि की पर्वतमालाओं से एक युवा योद्धा ने यह उद्घोष किया कि हिंदवी स्वराज्य केवल स्वप्न नहीं, बल्कि संकल्प है-और उस संकल्प को साकार कर दिखाया।

शिवाजी महाराज का जन्म 1630 में शिवनेरी दुर्ग पर हुआ। उनका नाम भगवान शिव पर नहीं, बल्कि देवी शिवई के नाम पर रखा गया-यह तथ्य ही बताता है कि उनके जीवन की प्रेरणा शक्ति और साहस की आराधना में निहित थी। उनकी माता जीजाबाई ने उन्हें रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, नीति और राष्ट्रधर्म का संस्कार दिया। दादाजी कोंडदेव के मार्गदर्शन में उन्होंने शास्त्र और शस्त्र दोनों का संतुलित ज्ञान प्राप्त किया। यही संतुलन आगे चलकर उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता बना-वे केवल तलवार के धनी नहीं, बल्कि नीति और दूरदर्शिता के भी अद्वितीय उदाहरण थे।

शिवाजी महाराज का सबसे बड़ा योगदान हिंदू साम्राज्य की स्थापना है, जिसे उन्होंने 卐हिंदवी स्वराज्य卐 कहा। यह किसी एक संप्रदाय का राज्य नहीं था, बल्कि भारतीय जनमानस की स्वतंत्रता और सम्मान का प्रतीक था। उन्होंने छोटे-छोटे किलों से शुरुआत कर एक संगठित मराठा शक्ति का निर्माण किया। तोरणा, रायगढ़, प्रतापगढ़ जैसे दुर्ग केवल पत्थरों की संरचनाएँ नहीं थे, बल्कि स्वराज्य के प्रहरी थे। गुरिल्ला युद्धकला में उनकी दक्षता अद्भुत थी। मुगल सेनापति उन्हें 卐पहाड़ी चूहा卐 कहकर उपहास करना चाहते थे, परंतु वही रणनीति मुगलों की सबसे बड़ी कमजोरी बन गई। वे भूगोल को अपनी शक्ति में बदलने की कला जानते थे-तेजी से आक्रमण, अचानक प्रहार और सुरक्षित वापसी उनकी युद्धनीति का आधार था।

उनकी वीरता का शिखर तब दिखाई देता है जब उन्होंने औरंगजेब की विशाल साम्राज्यवादी शक्ति को खुली चुनौती दी। आगरा में बंदी बनाए जाने के बाद उनका साहसिक पलायन केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मुगल सत्ता के अहंकार पर करारा प्रहार था। इसके पश्चात उन्होंने 1674 में रायगढ़ में विधिवत राज्याभिषेक कर स्वयं को 卐छत्रपति卐 घोषित किया। यह घटना केवल राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक पुनर्स्थापन का भी प्रतीक थी-सदियों बाद किसी हिंदू राजा का वैदिक विधि से राज्याभिषेक हुआ था।

शिवाजी महाराज की शासन व्यवस्था भी उतनी ही प्रभावशाली थी जितनी उनकी युद्धनीति। उन्होंने अष्टप्रधान मंडल की स्थापना की, जिसमें विभिन्न विभागों के मंत्री नियुक्त थे। प्रशासन में पारदर्शिता, न्याय और जनकल्याण को प्राथमिकता दी गई। भूमि राजस्व व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया ताकि किसानों पर अत्याचार न हो। महिलाओं के सम्मान की रक्षा उनके शासन का मूल सिद्धांत था-युद्ध में पकड़ी गई महिलाओं को सम्मानपूर्वक उनके घर भेजने की परंपरा उन्होंने स्थापित की। धार्मिक सहिष्णुता उनके शासन की आधारशिला थी, उनकी सेना और प्रशासन में मुस्लिम अधिकारी भी महत्वपूर्ण पदों पर थे। उन्होंने किसी भी मस्जिद या पूजा स्थल को क्षति पहुँचाने की अनुमति नहीं दी। इस प्रकार उनका हिंदू स्वराज्य संकीर्ण नहीं, बल्कि उदार और समावेशी था।

शिवाजी महाराज भारत के उन शुरुआती शासकों में थे जिन्होंने समुद्री शक्ति के महत्व को समझा। उन्होंने एक सशक्त नौसेना का निर्माण किया और कोंकण तट की सुरक्षा सुनिश्चित की। विदेशी आक्रमणकारियों-विशेषतः पुर्तगालियों और सिद्धियोंकृके विरुद्ध यह रणनीति अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई। यह दूरदर्शिता दर्शाती है कि वे केवल तत्कालीन संघर्षों तक सीमित नहीं थे, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी भांपने की क्षमता रखते थे।

भारतीय संस्कृति और अस्मिता के लिए उनका त्याग अतुलनीय है। उन्होंने विलासिता का जीवन त्यागकर कठिन संघर्ष का मार्ग चुना। निरंतर युद्ध, षड्यंत्र और चुनौतियों के बीच भी उन्होंने राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि रखा। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि स्वराज्य केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाभिमान का भी प्रश्न है। उन्होंने जनमानस में यह विश्वास जगाया कि विदेशी सत्ता अजेय नहीं है और संगठित प्रयास से स्वतंत्रता प्राप्त की जा सकती है।

आधुनिक संदर्भ में यदि हम इस विरासत को देखें, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आज के भारत में शिवाजी के आदर्श कितने प्रासंगिक हैं। वर्तमान समय में जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका सुदृढ़ कर रहा है, तब राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सुशासन की अवधारणाएँ पुनः केंद्र में हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, सशक्त रक्षा नीति और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण पर विशेष बल दिया है। यहाँ तुलनात्मक विवेचना की जा सकती है, यद्यपि दोनों युगों की परिस्थितियाँ भिन्न हैं।

शिवाजी महाराज ने स्वदेशी सैन्य शक्ति पर भरोसा किया और स्थानीय संसाधनों के माध्यम से साम्राज्य खड़ा किया।

आधुनिक भारत में आत्मनिर्भर भारत अभियान उसी भावना का आधुनिक रूप प्रतीत होता है, जहाँ रक्षा उत्पादन और आर्थिक सशक्तिकरण पर बल दिया जा रहा है। शिवाजी ने किलों और नौसेना के माध्यम से सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की, आज भारत आधुनिक तकनीक और रणनीतिक साझेदारियों के माध्यम से अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहा है। शिवाजी का प्रशासन जनकल्याण और पारदर्शिता पर आधारित थाय समकालीन शासन में डिजिटल पारदर्शिता, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और भ्रष्टाचार-नियंत्रण की पहलें उसी आदर्श की झलक देती हैं।

सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दृष्टि से भी समानता देखी जा सकती है। शिवाजी महाराज ने हिंदू परंपराओं और प्रतीकों को पुनर्स्थापित कर जनमानस में आत्मगौरव जगाया। आज भी भारत में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, तीर्थस्थलों के विकास और ऐतिहासिक विरासत के पुनरोद्धार पर बल दिया जा रहा है। अंतर केवल इतना है कि शिवाजी का संघर्ष प्रत्यक्ष सैन्य टकराव का था, जबकि आधुनिक भारत का संघर्ष वैश्विक प्रतिस्पर्धा और कूटनीतिक संतुलन का है।


फिर भी, तुलनात्मक विवेचना करते समय यह स्मरण रखना चाहिए कि शिवाजी महाराज का युग पूर्णतः भिन्न राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियों में था। वे एक उभरते हुए स्वराज्य के संस्थापक थे, आज का भारत एक स्थापित लोकतांत्रिक गणराज्य है। अतः समानताओं को प्रेरणा के रूप में देखना चाहिए, न कि पूर्ण समानता के रूप में। शिवाजी की सबसे बड़ी सीख है-साहस, संगठन, दूरदर्शिता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना। यही मूल्य किसी भी युग में प्रासंगिक रहते हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि राष्ट्र निर्माण केवल तलवार से नहीं, बल्कि नीति, नैतिकता और जनविश्वास से होता है। उन्होंने दिखाया कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि नेतृत्व दृढ़ हो तो असंभव भी संभव हो सकता है। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को केवल उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने आचरण और राष्ट्रीय जीवन में उतारें।

भारतीय अस्मिता का अर्थ किसी के प्रति द्वेष नहीं, बल्कि अपने स्वत्व का सम्मान है-और यही संदेश शिवाजी महाराज के जीवन से हमें मिलता है। उनकी 394वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए हम संकल्प लें कि स्वराज्य की उस भावना को, जिसे उन्होंने सह्याद्रि की घाटियों से जगाया था, हम आधुनिक भारत की प्रगति और वैश्विक नेतृत्व में रूपांतरित करेंगे। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3804




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3803 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

गीता (अपने प्रेमी से)- रमन देखो! सामने खिड़की में जो तोता-मैना बैठे हैं, दोनों रोजाना यहाँ आते हैं। साथ-साथ बैठते हैं, प्यार भरी मीठी-मीठी बाते? करते हैं और चहचहाते रहते हैं और एक हम हैं कि हमेशा लड़ाई-झगड़ा करते ही रहते हैं।

प्रेमी (प्रेमिका से)- हाँ सही है! लेकिन तुमने उनकी एक खास बात पर ध्यान नहीं दिया, देखो यहाँ बैठने वाले जोड़े में से रोजाना तोता तो वही होता है, पर मैना रोज नई-नई होती है।


□ □ □

एक बार एक कार्यस्थल पर तीन छोटे-छोटे बंदर उधम मचाते हुए अंदर घुस गए। उनके गले में तीन तख्तियाँ टंगी हुई थी, जिनमें लिखा हुआ था, बुरा देखो, बुरा सुनो और बुरा बोलो। वहाँ बैठे एडिटर साहब गाँधीजी के तीन वाक्यों का अनादर होते देख उबल पड़े और बोले- ये वाक्य उल्टे कैसे हो गए?

तभी एक शरारती बंदर बोला- आप जानते नहीं अब हम भी एडिटर हो गए है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3804



**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3803



## सूडोकु -3804

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3803 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 3804




**बाएँ से दाएँ**

1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

शब्द पहेली -3803 का हल



# 500 करोड़ से सड़कों की होगी रिसरफेसिंग

## 150 किमी सड़क को किया जाएगा गढ्ढा मुक्त, अप्रैल तक की है डेड लाइन

नोएडा। शहर की जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने बड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण करीब 500 करोड़ रुपये खर्च कर 150 किलोमीटर लंबी सड़कों की रिसरफेसिंग कराएगा। इसके लिए सर्किल वार टेंडर जारी किए जा रहे हैं। योजना के तहत उन सड़कों को प्राथमिकता दी गई है, जो बारिश और समय पर मरम्मत न होने के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।



### सर्किल 1 से 5 की सड़कों पर सबसे ज्यादा फोकस

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार शहर के सर्किल 1 से 5 की सड़कों की हालत सबसे ज्यादा खराब पाई गई है। कई जगह सड़कें उखड़ चुकी हैं, जबकि अनेक मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। नई योजना के तहत इन सर्किलों की सड़कों को प्राथमिकता पर लेते हुए व्यापक रिसरफेसिंग कार्य कराया जाएगा।

### अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य

प्राधिकरण ने इस अभियान को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। अधिकारियों का कहना है कि सभी कार्य अप्रैल 2026 के अंत तक पूरे कर दिए जाएंगे। इसके लिए अलग-अलग सर्किलों में समानांतर रूप से काम कराया जाएगा, ताकि शहरवासियों को जल्द राहत मिल सके। रिसरफेसिंग के दौरान यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए चरणबद्ध योजना भी तैयार की जा रही है।

### फुटपाथ और डिवाइडर भी होंगे दुरुस्त

सिर्फ सड़कें ही नहीं, बल्कि शहर की सौंदर्यीकरण और पैदल यात्रियों की सुविधा पर भी ध्यान दिया जाएगा। योजना के तहत फुटपाथों की मरम्मत, टूट-फूट ठीक करना और डिवाइडरों को नया पेंट किया जाएगा।

कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त फुटपाथों को पुनर्निर्मित किया जाएगा, जिससे पैदल चलने वालों को सुरक्षित मार्ग मिल सके। डिवाइडरों की मरम्मत और रंगाई से सड़कों की दृश्यता और शहर की छवि बेहतर करने की कोशिश होगी।

### टेंडर प्रक्रिया जारी, जल्द शुरू होगा काम

प्राधिकरण के जीएम एसपी सिंह ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया फिलहाल चल रही है। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में सड़कों की स्थिति सुधारना प्राधिकरण की प्राथमिकता है और इस अभियान से यातायात व्यवस्था, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।

# तकनीकी खराबी के कारण हुआ लिफ्ट हादसा

## बुजुर्ग महिला का हुआ पैर में फ्रैक्चर

ग्रेटर नोएडा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में लिफ्ट हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

आए दिन हाईराइज सोसाइटियों में लिफ्ट अटकने के मामले लगातार सामने आते रहते हैं एक बार फिर सुपरटेक इकोविलेज-1 में हुए खौफनाक हादसे ने मेंटेनेंस के दावों की पोल खोल दी है।

यहाँ के एफ-5 टावर में सोमवार शाम करीब 5 बजे एक बड़ा लिफ्ट हादसा हुआ। जब एक बुजुर्ग महिला लिफ्ट के फ्री-फॉल की वजह घायल हो गई. उनका पैर में फ्रैक्चर हो गया और अस्पताल मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

बता दे कि सुपरटेक इकोविलेज-1 जी-7 टावर की रहने वाली 65 वर्षीय रीना प्रसाद अपने बच्ची को ट्यूशन से लेने के लिए स्न-5 टावर के फ्लैट नंबर 1701 आई थीं। जब वह अपने नातिन के साथ लिफ्ट से लौट रही थीं, तभी अचानक बिजली गुल हो गई। तकनीकी खराबी के कारण लिफ्ट 15वीं मंजिल से सीधे 10वीं मंजिल पर आकर झटके के साथ रुकी। इस भयानक झटके और फ्री-फॉल की वजह से रीना प्रसाद के पैर में चार जगह फ्रैक्चर आया है।

गनीमत रही कि उनके साथ मौजूद बच्चे सुरक्षित हैं। घायल महिला को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ उनका इलाज जारी है।

इकोविलेज-1 जैसी विशाल सोसाइटी में 52 टावर और करीब 97 लिफ्ट हैं, लेकिन इस हादसे ने मेंटेनेंस की पोल खोल दी है। स्थानीय निवासियों में डर और आक्रोश का माहौल है। इतनी बड़ी घटना के बावजूद अब तक पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# शार्ट न्यूज

### सीमा हैदर ने दिया छठे बच्चे को जन्म

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में रह रहीं पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर ने मंगलवार को दूसरे बच्चे को जन्म दिया। जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में उन्होंने बेटे को जन्म दिया है। डिलीवरी के बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं। चिकित्सकों की देखरेख में मां और नवजात की हालत सामान्य है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सीमा अपने पति सचिन मीणा के साथ रबूपुरा स्थित अपने घर पहुंचीं। परिजनों और आसपास के लोगों ने खुशी का इजहार किया। परिवार में बेटे के जन्म की सूचना मिलते ही घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। सचिन के परिजनों ने मोहल्ले में मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। घर पर सादे तरीके से खुशियां मनाई गईं। यह सीमा हैदर का सचिन मीणा के साथ दूसरा बच्चा है। पिछले साल सीमा ने एक बेटी को जन्म दिया था, जो अब लगभग 11 महीने की हो चुकी है। अब बेटे के जन्म से परिवार में खुशियों का माहौल है। परिजन मां और बच्चे की देखभाल में जुटे हैं। सीमा हैदर वर्ष 2023 से रबूपुरा में सचिन मीणा के साथ रह रही हैं। दोनों की कहानी पहले भी काफी चर्चा में रह चुकी है। यह दंपति सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहता है। इनके यूट्यूब चैनल को दो मिलियन से अधिक लोग देखते हैं और बड़ी संख्या में लोग इन्हें फॉलो करते हैं।

### युवराज की मौत के बाद पिता ने देश छोड़ा

**नोएडा।** नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत को एक महीना बीत चुका है। शासन की ओर से गठित एसआईटी ने जांच कर रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है। उसके बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस बीच युवराज के पिता ने देश छोड़ दिया है। वह अपनी बेटी के साथ लंदन चले गए हैं। उनके फ्लैट पर ताला लगा है। वहां कोई नहीं है। हालांकि देश छोड़ने की अहम वजह क्या है, यह साफ नहीं हो सका है। इस बीच उनका देश छोड़कर जाना चर्चा में आ गया है। एसआईटी की जांच पूरी होने के बाद भी किसी तरह का एक्शन नहीं हुआ है। इस पूरी घटना को एक महीना हो चुका है। 16 जनवरी को सेक्टर-150 के एससी-02 3 प्लाट के बेसमेंट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की कार डूब गई थी। वह खुद को बचाने के लिए कार की छत पर चढ़ गए। मदद के लिए पिता को कॉल की। पिता पहुंचे। उनकी कॉल पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। घंटों की मशक्कत के बाद भी युवराज तक मदद नहीं पहुंच सकी। वह अपने पिता और राहत व बचाव की टीम के सामने ही तालाब के पानी में डूब गए। अगले दिन उनकी लाश बरामद की गई। युवराज मेहतता की मौत को अब पूरा एक महीना हो चुका है।

### बदमाशों ने महिला समेत दो का मोबाइल लूटा

**नोएडा।** अलग-अलग थानाक्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने महिला समेत दो का मोबाइल झपट लिया। पीड़ितों ने संबंधित थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बदमाशों की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। सेक्टर-24 थाने में दी शिकायत में सेक्टर 79 निवासी यासिर फराज ने बताया कि 12 फरवरी को वह सेक्टर 36 स्थित भूटानी सिटी माल के सामने से गुजर रहे थे। किसी परिचित का फोन आने पर बात करते हुए चलने लगे। इसी बीच बाइक सवार बदमाश पीछे से आए और यासिर का मोबाइल झपट ले गए।शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हुए, लेकिन तबतक बदमाश फरार हो चुके थे। वहीं सेक्टर-20 थाने में दी शिकायत में दिल्ली के दल्लूपुरा निवासी निकिता तिवारी ने बताया कि वह नोएडा की एक कंपनी में काम करती हैं। बीते माह 28 जनवरी को शाम करीब साढ़े छह बजे वह नोएडा से घर लौट रही थीं।

### दुकान से 30 मोबाइल और एक लैपटॉप चोरी

**नोएडा।** मामूरा गांव की एक दुकान से चोर 30 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप चोरी कर ले गए। वारदात के समय संचालक दुकान बंद कर घर गए हुए थे। पीड़ित ने फेज-तीन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। चेतन चौहान ने पुलिस को बताया कि वह मामूरा गांव की गली नंबर छह में परिवार संग रहते हैं। वह गली नंबर-पांच में स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स नाम से मोबाइल की दुकान करते हैं। वह सात फरवरी की रात दुकान बंद कर घर आए थे। चोरों ने दुकान पर धावा बोल दिया। चोर दुकान से 21 नए मोबाइल, नौ पुराने मोबाइल फोन और एक लैपटॉप चोरी कर ले गए।अगले दिन दुकान जाने पर चोरी होने का पता चला। उन्होंने पुलिस से शिकायत की। सीसीटीवी फुटेज भी दिए। एसीपी उमेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो सौ श्रमिकों की हुई स्वास्थ्य जांच

**ग्रेटर नोएडा।** निर्माण गतिविधियों से जुड़े श्रमिकों के स्वास्थ्य को लेकर जांच शिविर का आयोजन किया गया। ज़ेटा-1 स्थित एसकेए डेस्टिनी वन परिसर में एसकेए ग्रुप द्वारा आयोजित इस शिविर में करीब 200 कर्मचारियों और साइट पर काम करने वाले श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, बीएमआई माप और बेसिक पैथोलॉजी जांच की गई। डॉक्टर प्रकृति झा और अन्य डॉक्टरों ने श्रमिकों को नियमित जांच कराने और सेहत का ध्यान रखने की सलाह भी दी। कंपनी की ओर से बताया गया कि निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों का स्वास्थ्य बेहतर रहना जरूरी है।एसकेए ग्रुप के डायरेक्टर संजय शर्मा ने कहा, किसी भी परियोजना की ताकत उसकी कार्यबल होती है। श्रमिकों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। यह हेल्थ कैंप जिम्मेदार विकास की दिशा में एक जरूरी कदम है। हम चाहते हैं कि सभी कर्मचारी सुरक्षित और स्वस्थ माहौल में काम करें।

### बाढ़ से सुरक्षा के उपाय किए जा रहे

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख नाले पर बाढ़ से सुरक्षा के लिए उपाय किए जा रहे हैं। यहां गेट यानी रेगुलेटर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। सिंचाई विभाग की देखरेख में चल रहे इस काम को अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य है। प्राधिकरण और सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को मौके का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था को समय से काम पूरा करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक बिसरख नाले पर गेट का निर्माण ऐमनाबाद बंध पर किया जा रहा है।नाला हिंडन नदी में यहीं पर गिरता है। इस परियोजना पर 10 करोड़ रुपये का खर्च आएगा,जो प्राधिकरण उठा रहा है। साथ ही निर्माण कार्यों की निगरानी भी की जाएगी। दरअसल, तेज बारिश होने पर हिंडन नदी में हर साल बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर आने पर नदी में गिरने वाले बिसरख नाले का पानी बैक फ्लो (वापसी प्रवाह) मारने लगता है। इससे नाला भी उफान मारने लगता है। ऐसे में बाढ़ का पानी ग्रेटर नोएडा वेस्ट के आवासीय सेक्टर-1 के अलावा आसपास के बिसरख, जलपुरा, ऐमनाबाद आदि गांवों और कालोनियों में घुसने की आशंका रहती है।

### मारपीट से आहत होकर युवक ने जान दी

**ग्रेटर नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र के इमलिया गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला सामने आया है। कासना कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम गुटैरा जिला हाथरस निवासी जितेंद्र कुमार ने शिकायत दी है कि उसका भाई बीपी सिंह इमलिया गांव में जितेंद्र नागर के मकान में रहता था। मकान की देखरेख कर रहे मनोज पासवान और नीरज पासवान निवासी ग्राम सुनहर, जिला रोहतास बिहार से किसी बात को लेकर बीपी सिंह का विवाद हुआ था।आरोप है कि विवाद के बाद दोनों ने उनके भाई के साथ मारपीट की। इससे आहत होकर बीपी सिंह ने आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद आरोपी उसके भाई का शव लेकर एंबुलेंस से गांव की ओर भाग गए। मामले की सूचना मिलते थाना सहपऊ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। अब थाना कासना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में आरोपी बाप-बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में युवती ने सुसाइड किया

## वैलेंटाइन-डे से लापता थी, पंखे से लटका मिला शव

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के शाहबेरी में 31 वर्षीय ब्यूटीशियन ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उसका शव पंखे से लटका मिला। मृतका की पहचान पश्चिम बंगाल के दक्षिणी दिनाजपुर निवासी पूजा के रूप में हुई है। वह वैलेंटाइन डे के बाद से अपने कमरे से बाहर नहीं निकली थी। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे डायल 112 पर पुलिस को शाहबेरी में एक कमरे से तेज दुर्गंध आने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा अंदर से बंद पाया। दरवाजा तोड़ने पर युवती का शव पंखे से लटका मिला। शव सड़ चुका था और उसमें कीड़े पड़ गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृतका पूजा पास के एक ब्यूटी पार्लर में काम करती थी। उसके माता-पिता का बचपन में ही निधन हो गया था और वह यहां किराए के मकान में अकेली रहती थी। पड़ोसियों के अनुसार, युवती 14 फरवरी (वैलेंटाइन डे) के बाद से दिखाई नहीं दी थी। आशंका जताई जा रही है कि उसने 14 फरवरी की रात को ही आत्महत्या कर ली होगी। कई दिनों तक दरवाजा बंद रहने और किसी की आवाजाही न होने के कारण किसी को शक नहीं हुआ। दुर्गंध आने के बाद ही यह मामला सामने आया। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना नोएडा में रहने वाली उसकी मौसी को दे दी गई है। परिजनों को बुलाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

# नोएडा प्राधिकरण का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## एनटीसी और पब्लिक हेल्थ की सर्किल सीनियर मैनेजर को दी जिम्मेदारी, जीएम स्तर पर होगी जवाबदेही

**नोएडा।** जवाबदेही मजबूत करने और विभागों के बीच जिम्मेदारी टालने की प्रवृत्ति खत्म करने के उद्देश्य से नोएडा प्राधिकरण ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। प्राधिकरण ने अलग-अलग संचालित पब्लिक हेल्थ और नोएडा ट्रैफिक सेल की जिम्मेदारियां जोनल वर्क सर्किलों को सौंप दी हैं। नए ढांचे में निर्णय लेने और फील्ड स्तर पर निगरानी की जिम्मेदारी सीधे जनरल मैनेजर (जीएम) स्तर पर तय की गई है।

संशोधित व्यवस्था के तहत वर्क सर्किल 1 से 5 का प्रभार जीएम एसपी सिंह को दिया गया है, जबकि वर्क सर्किल 6 से 10 की कमान जीएम एके अरोड़ा संभालेंगे। एसपी सिंह, जो पहले ट्रैफिक सेल और पब्लिक हेल्थ




विभाग के साथ-साथ सिविक कार्यों का अतिरिक्त प्रभार देख रहे थे, अब अपने क्षेत्र में स्वच्छता, सीवर रखरखाव, नालों की सफाई, खुदाई की निगरानी, सड़क बहाली और ट्रैफिक से जुड़े सिविल कार्यों की एकीकृत जिम्मेदारी निभाएंगे। अरोड़ा को भी अपने जोन में इसी प्रकार की जिम्मेदारी दी गई है।

नए ढांचे में सीनियर मैनेजर और प्रोजेक्ट स्टाफ सीधे वर्क सर्किल के जीएम को रिपोर्ट करेंगे। इससे जीएम स्तर पर सिंगल-पॉइंट जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। प्राधिकरण का मानना है कि इससे फाइलों के अनावश्यक आदान-प्रदान, देरी और निर्णय में अस्पष्टता की समस्या कम होगी।

### सेक्टर 150 हादसे के बाद समीक्षा

यह पुनर्गठन सेक्टर 150 स्पोर्ट्स सिटी में 27 साल के युवराज सिंह की मौत के बाद किया गया है। युवराज खुले ट्रेंच में गिरकर डूब गए थे। घटना के बाद बैरिकेडिंग, खुदाई सुरक्षा मानकों और साइट मॉनिटरिंग को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया था कि ट्रेंच पर्याप्त चेतावनी संकेत, रोशनी या सुरक्षा कवर के बिना खुला छोड़ा गया था।

### ओवरलैपिंग जिम्मेदारियों से छुटकारा

अधिकारियों के अनुसार, 2012 में गठित ट्रैफिक सेल और पब्लिक हेल्थ विभाग समय के साथ सिविल विभाग से अलग-अलग काम करते रहे। खुदी सड़कों, ट्रेंच बहाली या जलभराव जैसे मामलों में फाइल विभागों के बीच घूमती थी, जिससे देरी और जवाबदेही का अभाव पैदा होता था। नई व्यवस्था से ओवरलैप की समस्या नहीं होगी। इससे काम जल्दी और जावबदेही तय करने में आसानी होगी।

# नोएडा में सिम अपग्रेड के नाम पर ठगे 24.86 लाख

## मोबाइल हैक किया, 4 दिन तक सिम रहा बंद, 8 बार में पैसा किया ट्रांसफर

**नोएडा।** साइबर ठग ने सेक्टर-82 विवेक विहार में रहने वाले एक आईटी इंजीनियर महिला से 4जी सिम को 5जी में अपग्रेड के बहाने 24.86 लाख रुपये ठग लिए। महिला से बिना पूछे ठग उनके नाम से ई-सिम के लिए आवेदन कर दिया। इस वजह से उनका मोबाइल बंद हो गया। आरोपी चार दिन के अंदर बैंक खातों व क्रेडिट कार्ड से कुल 24 लाख 86 हजार रुपये आठ बार में अन्य खातों में ट्रांसफर कर लिए। महिला के पति ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दी।



### 4जी सिम को 5 जी में कंवर्ट करने की बात

पुलिस को पीड़िता ने बताया कि वह सेक्टर 82 विवेक विहार में परिवार के साथ में रहते हैं। वह और उनकी पत्नी एक आईटी कंपनी में इंजीनियर पर पद पर कार्यरत हैं। इसी महीने चार फरवरी को उनकी पत्नी के मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉलर ने वाले ने खुद को एयरटेल कंपनी का कर्मचारी बताया और उनकी 4जी सिम को 5जी में अपग्रेड करने की बात कही। महिला ने स्वीकार कर लिया।

### ई सिम का कर दिया अनुरोध

इसके बाद ठग ने बिना ओटीपी लिए और बिना कोई लिंक भेजे उनके नाम से ई-सिम जारी करने का अनुरोध डाल दिया। तभी पीड़िता को मोबाइल स्वीच ऑफ हो गया। ठग ने उन्हें कॉल कर बताया कि 5जी अपग्रेड के लिए ई-सिम जरूरी है और 24 घंटे के लिए फोन बंद रहेगा। इस दौरान ठग अलग-अलग नंबरों से कॉल कर तकनीकी समस्या का बहाना बनाता रहा।

### चार दिन तक सिम रहा बंद

चार दिन तक मोबाइल चालू नहीं हुआ तो पीड़िता आठ फरवरी को पास के एयरटेल स्टोर पर पहुंची, जहां नई 4जी सिम जारी कराई इसके बाद जब महिला ने अपने बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड चेक किए तो ठगी की जानकारी सामने आई।

ठग उनके एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के खातों के साथ-साथ एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से अलग-अलग खातों से रुपये निकाले थे।

### अलग-अलग प्लेटफार्म पर किए ट्रांसफर

साथ ही कुछ पैसे अमेजन, फ्रीचार्ज और फोनपे जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से ट्रांसफर कर लिए। महिला ने तुरंत बैंकों को सूचना देकर ऑनलाइन एक्सेस बंद कराया, कार्ड ब्लॉक कराए और ट्रांजेक्शन पर शिकायत दर्ज कराई।

साथ ही एनसीआरपी पोर्टल पर भी शिकायत दी। मामले में साइबर थाना पुलिस केस दर्ज कर रकम ट्रांसफर खातों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# यीडा को भूखंडों के आवंटन से मिला 106.11 करोड़

**नोएडा।** यमुना सिटी में ग्रुप हाउसिंग के तीन नए भूखंड आवंटित किए गए। इन भूखंडों पर चार हजार से अधिक फ्लैट तैयार हो सकेंगे। यीडा ने इन भूखंडों की बोली लगाकर आरक्षित रशि के सापेक्ष करीब 106.11 करोड़ अधिक का राजस्व प्राप्त किया। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) अधिकारी बताया कि साल 2025 में ग्रुप हाउसिंग भूखंड योजना शुरू की थी।

### तीन भूखंड पर आए दो अधिक बिड

योजना के तहत 16 भूखंडों पर आवेदन मांगे गए थे, लेकिन तीन भूखंडों पर ही दो से अधिक बिड लगी। यीडा ने सेक्टर-18 में 16188 वर्गमीटर का भूखंड मैसर्स प्रोविन्स डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड को 95.48 करोड़ व मैसर्स एल्डिगो इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोपर्टीज लिमिटेड को 104.70 करोड़ रुपए में आवंटित किए हैं, जबकि इन दोनों भूखंडों पर आरक्षित राशि 89.23 करोड़ थी।

इसके अलावा तीसरा 20235 वर्गमीटर का भूखंड सेक्टर-22डी में मैसर्स नॉर्थ विंड एस्टेट को आवंटित किया गया है। बिल्डर ने भूखंड को आरक्षित रकम 106.23 करोड़ के सापेक्ष 189.09 करोड़ की बोली लगाकर अपने नाम किया है। भूखंड से 82.86 करोड़ अधिक कमाई हुई है यानी यह भूखंड आरक्षित राशि से लगभग 78 प्रतिशत अधिक रकम में बिका है। कुल मिलाकर यीडा ने 283.16 करोड़ के तीनों भूखंडों को कुल 389.27 करोड़ में बेचा है।

# कुट्टू का आटा बेचने वाली दुकान व गोदाम सील

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 40 लोग हुए बीमार, पुलिस ने की कार्रवाई

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कुट्टू का आटा खाने से 40 लोगों के बीमार पड़ने के मामले में बिसरख पुलिस और खाद्य विभाग ने कार्रवाई की है।

टीम ने कुट्टू का आटा बेचने वाली दुकान और उसके गोदाम को सील कर दिया है।

यह घटना शिवरात्रि के दिन हुई, जब बिसरख थाना क्षेत्र की सुपरटेक इकोविलेज-3, रॉयल कोर्ट और हिमालय प्राइड सोसाइटी में रहने वाले 40 लोगों की तबीयत कुट्टू का आटा खाने से बिगड़ गई।

जिसके बाद इन सभी लोगों को पास ही के अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल से पुलिस को यह सूचना मिली।

बिसरख पुलिस ने तत्काल खाद्य विभाग को सूचित किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर बिसरख थाने में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत मामला दर्ज किया गया।

इस मामले में खाद्य विभाग और बिसरख पुलिस की संयुक्त टीम ने सुपरटेक इकोविलेज-3, रॉयल कोर्ट और हिमालय प्राइड सोसाइटी में स्थित दुकानों की जांच की। सभी दुकानों से नमूने लिए गए। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर रॉयल कोर्ट सोसाइटी स्थित प्रशांत जनरल स्टोर को सील कर दिया गया।

दुकान संचालकों से पूछताछ में पता चला कि सभी ने एचडी स्पाइसेस, ग्राम चिपियाना से कुट्टू का आटा खरीदा था।

इस कंपनी का गोदाम चिपियाना बुजुर्ग में है। सूचना मिलते ही खाद्य विभाग की टीम ने गोदाम पर छापा मारा और अनियमितता पाए जाने पर उसे भी सील कर दिया। अन्य दुकानों से भी खाद्य विभाग नमूने लेकर आगे की कार्रवाई कर रहा है।

इस कार्रवाई के दौरान बिसरख पुलिस ने गोदाम मालिक सहित कुल चार लोगों को हिरासत में लिया है। उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# युवतियों से मारपीट, बिसरख थाने का घेराव किया

## आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में युवक-युवतियों से मारपीट के मामले में कई संगठनों ने मंगलवार को बिसरख थाने का घेराव किया। अंतरराष्ट्रीय जाट संगठन, भारतीय किसान यूनियन भानू और विभिन्न हिंदू संगठनों ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

यह घटना 14 फरवरी को बिसरख थाना क्षेत्र की आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी के पास हुई थी। वेदांत और आयुष अपनी दो बहनों के साथ थे, जब हॉर्न बजाने को लेकर शाहरुख, अजीम और उनके साथियों से उनका विवाद हो गया। आरोपियों ने गाड़ी से बाहर निकालकर गाली-गलौज की और बेसबॉल बैट व डंडों से पीड़ितों की बेरहमी से पिटाई की।इस मारपीट में वेदांत गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दोनों युवतियों को भी चोटें आईं। हमलावरों ने पीड़ितों की कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

बिसरख पुलिस ने इस मामले में गाजियाबाद के डासना निवासी शाहरुख और अमरोहा निवासी अजीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई कार, बेसबॉल बैट और डंडा भी बरामद किया है।मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के नेतृत्व में इन संगठनों ने बिसरख थाने पर जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने एसीपी पवन कुमार के साथ बैठक कर मांग की कि मामले में गंभीर धाराएं लगाई जाएं और फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाए।अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा, हमने पुलिस को दो मुख्य मांगें बताई हैं। यदि वे पूरी नहीं होती हैं, तो हम आंदोलन करेंगे। हम अपनी बहन-बेटियों के साथ इस तरह की मारपीट बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे।अब पुलिस को 25 फरवरी तक का समय दिया है।

वहीं, एसीपी पवन कुमार ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है, और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि आज कुछ संगठन के लोग आए थे, उनकी बातों को ध्यान में रखा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### इलेक्ट्रीशियन की सड़क हादसे में घायल

जेवर। ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 21 में एक फिल्म सेट पर काम करने वाला इलेक्ट्रीशियन सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, गांव तिरथली निवासी इमरान फिल्म सिटी में बन रहे सेट पर इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे वह फिल्म सिटी से अपनी बाइक पर घर खाना खाने जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में इमरान के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे निम्स अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार, इमरान की हालत नाजुक बनी हुई है।

### पटवारी 10 हजार रुपये रिश्वत लेते कैमरे में कैद

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में एक पटवारी पर किसानों से रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगा है। पटवारी वीर बहादुर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह अपने कार्यालय में एक किसान से 10 हजार रुपये लेते हुए दिखाई दे रहा है। यह रिश्वत जमीन की नाप-जोख और दाखिल-खारिज जैसे कार्यों के लिए ली जा रही थी। किसानों का आरोप है कि पटवारी वीर बहादुर बिना पैसे लिए कोई भी राजस्व संबंधी कार्य नहीं करता था। उन्होंने यह भी बताया कि वह अधिकारियों के नाम पर भी पैसे की मांग करता था। ग्रामीणों ने पटवारी के कई वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात होने पर भी सवाल उठाए हैं। किसानों ने पूर्व में भी पटवारी के खिलाफ एसडीएम से शिकायत की थी, लेकिन तब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी।

# लखनऊ पुलिस से भिड़े कांग्रेसी, बैरिकेडिंग पर चढ़े

**300 कार्यकर्ता हाउस अरेस्ट; अखिलेश बोले- एक पुलिसवाले के सामने 50 लोग खड़े हो जाओ**



**लखनऊ।** लखनऊ में मंगलवार को कांग्रेस ऑफिस के बाहर कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प हो गई। जमकर धक्का-मुक्की हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधायक आराधना मिश्रा मोना समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए।

1 घंटे तक गहमागहमी का माहौल रहा। 1000 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को रोकने में पुलिसवालों के पसीने छूट गए। आरएफ और पीएसी के 500 से ज्यादा जवानों ने किसी तरह सभी को उतारकर बस में ठूंस-ठूंसकर भरा और ईको गार्डन ले गए। अजय राय बैरिकेडिंग से उतरने लगे तो उनका पैर फिसल गया। वे लड़खड़ा गए। पुलिसवालों ने उन्हें संभाला।

दरअसल, अजय राय ने सोमवार को मनरेगा, शंकराचार्य और माता अहिल्याबाई होल्कर मुद्दे को लेकर विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। इस समय विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है। इसे देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। कांग्रेस ऑफिस को छावनी में बदल दिया। ट्रकों में भरकर आरएफ और पीएसी के जवान पहुंचे।

बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया समेत प्रदेशभर के 300 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। जो लखनऊ के लिए रवाना हुए थे, पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और लौटा दिया।

रायबरेली में कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी की पुलिस से नोकझोंक हुई। उन्होंने इंस्पेक्टर से कहा- आप भाजपा के नाम पर गुंडई कर रहे। हरदोई में रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस के 8 कार्यकर्ताओं को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा। गौतमबुद्ध नगर के कांग्रेसी गाजियाबाद स्टेशन से ट्रेन पकड़कर लखनऊ पहुंच गए। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- अगर आप प्रोटेस्ट करते हैं, तो तैयारी के साथ करें। अगर एक पुलिसवाला डंडा लेकर आता है, तो 50 लोग एक साथ खड़े होने चाहिए। नहीं तो आप डंडा झेलेंगे। हर प्रोटेस्ट ऑर्गनाइज्ड और तैयार होना चाहिए। आराधना मिश्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज का मुद्दा विधानसभा में भी उठाया।

## बागपत के पाली गांव में बच्चों के विवाद में मारपीट

**बागपत।** बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में बच्चों के विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट की गई। पीड़ित युवक ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पाली गांव निवासी आपताफ पुत्र जावेद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बच्चों के बीच खेलते समय कहासुनी हुई थी। यह विवाद जल्द ही बढ़ गया, जब दोनों पक्षों के परिजन मौके पर पहुंच गए और आपस में उलझ पड़े। आपताफ का आरोप है कि विवाद के दौरान कुछ लोगों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला किया। इस मारपीट में उसे चोटें आई हैं। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना के बाद घायल आपताफ ने उपचार कराया और मेडिकल परीक्षण भी करवाया। उसने यह भी आरोप लगाया है कि मारपीट करने वालों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। आपताफ ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जनशिकायत निस्तारण में पीलीभीत पुलिस प्रदेश में अव्वल



**थाना अमरिया का उत्कृष्ट प्रदर्शन, पुलिस अधीक्षक ने टीम को किया सम्मानित**

**पीलीभीत।** जनशिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी निस्तारण के क्षेत्र में जनपद पुलिस ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश स्तर पर पुलिस कार्यालय/आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जनवरी माह की मासिक रैंकिंग में पीलीभीत पुलिस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि से पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है। जनपद में आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। इसी क्रम में थाना अमरिया ने विशेष सक्रियता दिखाते हुए शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उल्लेखनीय योगदान के लिए थाना अमरिया के थानाध्यक्ष अमित सिंह एवं आईजीआरएस प्रभारी दीपक कुमार को उनकी टीम सहित पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण ही पुलिस की प्राथमिकता है और इसी से जनता का विश्वास मजबूत होता है।

पुलिस अधीक्षक ने अन्य थानों को भी इसी प्रकार संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जनपद पुलिस की इस उपलब्धि को शासन स्तर पर भी सराहा जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### पुलिस ने एक बार फिर लौटाई मुस्कान, गुम हुए 2 मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंपे

**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने तीस हजार रुपये कीमत के गुम हुए 2 मोबाइल खोज उनके मालिकों को लौटाए हैं। गुम मोबाइल दोबारा से पाकर उनके चेहरे खिल उठे। कई मोबाइल धारकों को अपने मोबाइल फोन के दोबारा से मिल जाने का यकीन नहीं था। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना तालबेहट पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर आवेदक के प्रपत्रों को अपलोड करके, विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त तकनीकी डेटा का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 02 गिरे हुए/खोये हुए मोबाइलों को बरामद कर उनके स्वामियों को नियमानुसार सुपुर्द किया गया ।

### ऑनलाइन ठगी पीड़ित को दो हजार रुपये कराए वापस

**ललितपुर।** जाखलौन पुलिस टीम ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में दो हजार रुपये की धनराशि वापस कराई है। इस सफलता से साइबर ठगी के शिकार लोगों को बड़ी राहत मिली है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में थाना जाखलौन पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक अजय पुत्र चन्द्र प्रकाश निवासी ग्राम जीरोन थाना जाखलौन ललितपुर के साथ 2000/- रूपये की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी, जिसके सम्बन्ध में एन0सी0आर0पी पोर्टल के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई थी । थाना जाखलौन पुलिस द्वारा पीड़ित के उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों/ बैंकों/वालेट आदि से सम्पर्क कर, द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को द्वड्डद्वद्य करके, पीड़ित का पैसा होल्ड कराकर, पीड़ित से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है ।

### बर्थडे के दिन 12 साल के बच्चे की लाश मिली

**झांसी।** झांसी में बर्थडे के दिन 12 साल के बच्चे का शव कुएं में मिला। वह पिछले 7 दिन से लापता था। घर वाले उसकी तलाश में लगे थे। मंगलवार को कुंए के पास खेल रहे बच्चों की नजर उस पर पड़ी। शव उतरा रहा था। शव मिलने की सूचना पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। लाश को देखते ही माता-पिता बेहोश हो गए। परिवार ने हत्या कर शव फेकने का आरोप लगाया है। मामला सदर बाजार थाना के भगवंतपुरा टोरिया मोहल्ले का है। सदर बाजार थाना क्षेत्र के भगवंतपुरा टोरिया मोहल्ले में रमेश अहिरवार रहते हैं। वह दिहाड़ी मजदूर हैं। परिवार में पत्नी और 2 बेटा अर्पण और दर्पण थे। बड़ा बेटा अर्पण (12) पास के ही सरकारी स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ता था। 10 फरवरी को अर्पण स्कूल गया था। दोपहर में उसने टीचर से बुखार आने की बात कहकर घर जाने की परमिशन ली। वह अपने एक क्लासमेट के साथ स्कूल से निकला, लेकिन घर न जाकर मोहल्ले की दुकान पर कोल्डड्रिंक पीने चला गया। इसी दौरान पिता रमेश ने उसे स्कूल से बाहर घूमते देख लिया और डांटकर घर ले आए। इसके बाद रमेश अपने काम पर चले गए।

### फर्रुखाबाद में एग्री स्पोर्ट्स हब की मांग

फर्रुखाबाद। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कायमगंज से भाजपा विधायक डॉ. सुरभि गंगवार ने फर्रुखाबाद में एग्री स्पोर्ट्स हब स्थापित किए जाने की जोरदार मांग उठाई। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि फर्रुखाबाद प्रदेश में आलू का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला जिला है, इसलिए यहां इस हब की स्थापना की जानी चाहिए। विधायक ने बताया कि सरकार एग्री स्पोर्ट्स हब की स्थापना के लिए करीब 250 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित कर रही है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि यह हब फर्रुखाबाद में स्थापित होता है तो कोल्ड स्टोरेज का आधुनिकीकरण, गुणवत्ता जांच और निर्माण प्रमाणन लैब जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा सकेंगी। डॉ. गंगवार के अनुसार, इस निवेश से आलू किसानों को सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी बताया कि एमएसएमई योजना के तहत करीब 3000 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है।

### लखनऊ में करंट से झुलसा बिजली कर्मचारी

**लखनऊ।** लखनऊ में लेसा के अपट्रॉन उपकेंद्र में मंगलवार को फीडर (बस कप्लर) में धमाके से संविदा कर्मचारी संदीप झुलस गया। आनन-फानन में साथी कर्मचारियों ने सिप्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घायल के परिजनों ने आरोप लगाया कि सप्लाई चालू थी। जेई ने कह दिया कि बंद कर दिया गया है। जबरन पैनल की सफाई के लिए चैनल में घुसाया गया था। यहां 11 हजार लाइन की सप्लाई थी। जैसे ही सफाई के लिए कर्मचारी उतरा तुरंत बुरी तरह से जल गया। इस दौरान तेज धमाका हुआ। मामले में परिजन जेई अश्विनि के खिलाफ एक्शन की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग की तरफ से अभी कोई एक्शन नहीं लिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि वर्टिकल व्यवस्था में काम 33 केवी के कर्मचारियों को करना चाहिए था। यह काम सरकारी लाइन मैन की तरफ से होना चाहिए था। इसके लिए व्यवस्था दी गई है, लेकिन यह 11 केवी में काम करने वाले मजदूर को इसमें लगा दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि अगर सही उपचार नहीं दिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी सिर्फ विभाग की होगी। परिवार को क्षतिपूर्ति भी देने की मांग कर्मचारियों ने उठाई है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

## 50 लाख की बड़ी चोरी, बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना

### परिवार के बरेली जाने का उठाया फायदा ताले तोड़कर नगदी-जेवरात साफ, पुलिस जांच में जुटी

**पीलीभीत।** शहर में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामला थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की बल्लभनगर कॉलोनी का है, जहां चोरों ने कलेक्ट्रेट के दिवंगत रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी गजेंद्र पाल के बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए नगदी और कीमती जेवरात समेत करीब 50 लाख रुपये से अधिक का माल पार कर दिया। वारदात उस समय अंजाम दी गई जब पूरा परिवार पुत्री के जन्म के कारण बरेली गया हुआ था और मकान पर ताला बंद था। प्राप्त जानकारी के अनुसार गजेंद्र पाल का पहले ही निधन हो चुका है। उनके छोटे पुत्र चिरंजीव के यहां बरेली के एक निजी अस्पताल में पुत्री का जन्म हुआ था, जिसके चलते परिवार के सदस्य वहीं गए हुए थे। घर में सामान्यतः चिरंजीव के परिवार के साथ उनके भाई हरीश कुमार भी रहते हैं, लेकिन घटना के समय वह भी बाहर थे, जिससे मकान पूरी तरह सूना पड़ा था।

**सुबह खुला मिला दरवाजा, पड़ोसियों को हुआ शक**

मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने घर का मुख्य दरवाजा खुला देखा तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने तुरंत परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिवार के लोग जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था। घर के अंदर जाकर देखा तो कमरों और अलमारियों के ताले भी तोड़े गए थे और सामान बिखरा पड़ा था।

**लाखों की नगदी और जेवरात गायब**

हरीश कुमार ने बताया कि चोर घर से लगभग दो लाख रुपये नगद और भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण ले गए हैं। प्राथमिक अनुमान के अनुसार कुल चोरी गया माल करीब 50 लाख रुपये से अधिक का बताया जा रहा है। घटना से परिवार सदमे में है।

**शहर में दहशत, लोगों की मांग**

लगातार हो रही चोरी की वारदातों से शहरवासियों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने, संदिग्ध लोगों की जांच और कॉलोनियों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले के खुलासे के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

**पुलिस और फील्ड यूनिट ने जुटाए साक्ष्य**

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट टीम ने भी पहुंचकर फिंगरप्रिंट व अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने भी मौके का मुआयना कर पीड़ित परिवार से बातचीत की और शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

**पहले भी हो चुकी है चोरी**

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के तिरुपति गोल्डन पार्क में भी इसी तरह की चोरी की घटना सामने आई थी, जहां दीक्षा अग्रवाल के घर को चोरों ने निशाना बनाकर नगदी चोरी कर ली थी। उस मामले में भी रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद अभी तक कोई ठोस सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है।

## बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा, भतीजे सहित दो आरोपी गिरफ्तार

- चार दिन बाद पुलिस ने सुलझाई गुत्थी
- गला दबाकर की गई थी हत्या, न्यायालय ने भेजा जेल

पीलीभीत। जनपद के थाना हजारा क्षेत्र के गांव सिद्धनगर में चार दिन पूर्व घर के अंदर मृत मिली बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने सफल खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात में मृतका के भतीजे सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने संपत्ति हड़पने की नीयत से हत्या करने की बात स्वीकार की है।

जानकारी के अनुसार सिद्धनगर निवासी कमलजीत कौर पत्नी बाबा सिंह का शव 14 फरवरी की रात उनके घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला था। घटना के समय वह घर में अकेली थीं, जबकि उनकी बेटी रंजीत कौर और दामाद हरसिमरन सिंह गांव में ही आयोजित एक तिलक समारोह में गए हुए थे। समारोह से लौटने पर जब दोनों ने कमलजीत कौर को मृत अवस्था में देखा तो उनके होश उड़ गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। दामाद हरसिमरन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने विजय कुमार कंबोज पुत्र ज्वराराम तथा सर्वजीत सिंह उर्फ बिल्लू पुत्र प्यारा सिंह निवासी सिद्धनगर के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने विशेष टीम गठित कर जांच तेज कर दी।

जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और संदिग्ध परिस्थितियों के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने संपत्ति पर कब्जा करने की योजना के तहत कमलजीत कौर की गला दबाकर हत्या कर दी थी ताकि रास्ता साफ हो सके।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

घटना का खुलासा होने के बाद गांव में लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं संपत्ति के लालच में की गई इस जघन्य वारदात को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## पुलिस की स्कार्पियो पेड़ से टकराई, दरोगा की मौत

**महराजगंज/ गोरखपुर।** महराजगंज में गोरखपुर पुलिस टीम की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकरा गई। हादसे में दरोगा की मौत हो गई। महिला दरोगा, सीनियर एसआई, दो कॉन्स्टेबल और चालक घायल हैं। पुलिस टीम कुशीनगर से दबिश देकर गोरखपुर लौट रही थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि हाईवे पर ड्राइवर को झपकी आ गई, जिससे स्कॉर्पियो डिवाइडर पर चढ़ गई, फिर पेड़ से जा भिड़ी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और सभी को गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। हादसा मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे श्यामदेउरवा थाना के कतरारी इलाके में हुआ। हादसे के बाद तस्वीर सामने आई है। इसमें पुलिसकर्मी सड़क पर तड़पते हुए दिख रहे हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के मुताबिक, रामगढ़ताल थाने की टीम जालसाजी के मामले में कुशीनगर के खड्डा क्षेत्र में दबिश देने गई थी। टीम में एसएसआई रमेश चंद्र कुशवाहा, दरोगा संतोष कुमार, दरोगा गीता, दो कॉन्स्टेबल शामिल थे।

## बोर्ड परीक्षाओं से पहले डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखी

### सीसीटीवी, कंट्रोल रूम व स्ट्रॉन्ग रूम जांचे लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी



**पीलीभीत।** मगलंवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के साथ हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज तथा पीएम श्री ड्रमण्ड राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम तथा स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया।

स्ट्रॉन्ग रूम निरीक्षण के दौरान आगामी परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों की सीलिंग व्यवस्था, लॉक रजिस्टर तथा सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से जांच की गई। जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि स्ट्रॉन्ग रूम में केवल नामित स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक और अधिकृत कर्मियों को ही प्रवेश दिया जाए। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम खोलने और बंद करने का समय, अंदर आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति तथा सुरक्षा कर्मियों के हस्ताक्षर लॉकबुक में अनिवार्य रूप से दर्ज हों।

जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए डीएम ने सभी परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग व्यवस्था देखी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्नी से मिलने बुलाकर दामाद की हत्या की

**लखनऊ।** लखनऊ में ससुराल आए दामाद की हत्या कर दी गई। विदाई के बहाने बुलाकर ससुर और सालों ने बेरहमी से पिटाई की। पेट और सीने में चाकू घोंप दिया। उपचार के उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके साथ आए भाई को भी चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घटना 16 फरवरी, सोमवार देर रात काकोरी थाना क्षेत्र के लालता खेड़ा गांव में हुई। मृतक की पहचान रामसागर (24) के रूप में हुई। वह पीलीभीत जिले के माधव टांडा का रहने वाला था। उसने लालता खेड़ा गांव की रहने वाली कामिनी से 2 साल लव मैरिज की थी। इसका कामिनी के मायके वाले विरोध कर रहे थे। मृतक के भाई राहुल गौतम ने बताया- कामिनी को लालताखेड़ा लाने के बाद उसके मायके वालों ने उसे रामसागर को भूल जाने को कहा।

## सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में टॉप पर रहा ललितपुर

### डीएम ने बैठक कर प्रथम स्थान बरकरार रखने के दिये निर्देश

- जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले अधिकारियों को लगायी फटकार, अगले माह तक प्रगति सुधारने का दिया अल्टीमेटम




**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के दूरदर्शी नेतृत्व के परिणामस्वरुप मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिग में ललितपुर ने प्रदेश के अन्य जिलों को पछाड़ते हुए पहला स्थान पाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, यह उपलब्धी प्रत्येक जनपदवासी को गौरान्वित करने वाली है।

इस उपलब्धी को आगे भी बरकरार रखने के लिए जिलाधिकारी ने मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। उन्होंने जहां प्रगति में सुधार करने वाले विभागों की सराहना की तो वहीं खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को भी फटकार लगायी। समीक्षा के दौरान ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की खराब प्रगति पर अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को नाराजगी जाहिर करते हुए अगले माह में प्रगति सुधारने के निर्देश दिये, साथ ही नगर में पर्यटन विभाग के प्रोजेक्ट गिन्नोटबाग में प्राचीन वृक्षों के संरक्षण में लापरवाही पर पर्यटक अधिकारी से नाराजगी जाहिर की।

जिलाधिकारी ने सीएमआईएस पोर्टल व जनपद के विकास कार्यों की भी समीक्षा की और निर्देश दिये कि सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्यों को पूर्ण करते हुए प्रथम स्थान को आगे भी बरकरार रखें। बैठक में बताया कि रैंकिंग में अतिरिक्त ऊर्जा, अल्पसंख्यक कल्याण छात्रवृत्ति, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, नमामि गंगे, पंचायती राज, सामाजिक वानिकी, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, उद्योग, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई सहित अन्य विभागों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 में से 10 अंक प्राप्त किये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, सीवीओ डॉ भगवान सिंह, बीएसए रणवीर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, डीडी एग्रीकल्चर, जिला कृषि अधिकारी, एडीएसटीओ अजयवीर सिंह के साथ ही लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत आदि विभागों के अभियंता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वेनेजुएला में तेल बिक्री एक अरब डॉलर पार, अमेरिका में ही जमा होगी राशि

**काराकस, एजेंसी।** अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने पुष्टि की है कि वेनेजुएला के कच्चे तेल की बिक्री से होने वाली आमदनी अब एक अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है और आगे से यह रकम कतर में बनाए गए अस्थायी खाते में नहीं, बल्कि सीधे अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट द्वारा नियंत्रित खाते में जमा की जाएगी। यह बदलाव ऐसे समय आया है, जब ट्रंप प्रशासन ने एक सैन्य कार्रवाई में पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वेनेजुएला की तेल बिक्री पर सीधा नियंत्रण कर लिया है। क्रिस राइट ने एक साक्षात्कार में बताया कि शुरुआत में लगभग 500 मिलियन डॉलर की तेल बिक्री राशि कतर में खोले गए एक खाते में जमा की गई थी, जिस पर पूरे समय अमेरिकी सरकार का नियंत्रण था। डेमोक्रेट सांसदों ने पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता और वैधता पर सवाल उठाए हैं। सीनेटर चक शूमर (डी-न्यूयॉर्क) और एडम शिफ (डी-कैलिफोर्निया) ने गुरुवार को ऐसा कानून पेश किया है, जिसके तहत गवर्नमेंट अकाउंटेबिलिटी ऑफिस को कतर खाते का स्वतंत्र ऑडिट करने का निर्देश दिया जाएगा।

### वानुअतु के उत्तरी तट पर 6.32 तीव्रता का भूकंप, खतरा नहीं

**लंदन, एजेंसी।** जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, शुक्रवार को प्रशांत महासागर में स्थित वानुअतु के उत्तरी तट पर 6.32 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी की गहराई पर था। शक्तिशाली झटकों के बावजूद, प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने राहत की खबर दी कि इस भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप के कारण किसी भी जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। वानुअतु रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में स्थित है।

### शांति वार्ता को लेकर यूक्रेन पर अमेरिका का भारी दबाव

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के आह्वान के बाद से यूक्रेन दबाव में है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह स्वीकारते हुए कहा, थोड़ा दबाव महसूस हो रहा है लेकिन यह देखना भी अहम है कि रूस क्या-क्या समझौते करता है। उन्होंने चिंता जताई कि यूक्रेन से बार-बार रियायतें देने को कहा जा रहा है, जबकि रूस से इस संदर्भ में कुछ नहीं कहा जाता। जेलेंस्की ने उम्मीद जताई कि जिनेवा में अमेरिका की मध्यस्थता से होने वाली शांति वार्ता गंभीर और सार्थक होगी।

### यूक्रेन के ओडेसा शहर पर रूसी ड्रोन हमला, एक महिला की मौत

**जिनेवा, एजेंसी।** मंगलवार और बुधवार को जिनेवा में होने वाली शांति वार्ता से पहले यूक्रेन के ओडेसा शहर में रूसी ड्रोन हमले में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। यह ड्रोन एक आवासीय इमारत से टकराया था। वहीं, रूसी सीमावर्ती शहर बेलगोरोद में यूक्रेनी मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत हो गई। रूस-यूक्रेन युद्ध के चार साल पूरे होने से ठीक पहले, अमेरिका की मध्यस्थता में मंगलवार और बुधवार को जिनेवा में नए दौर की बातचीत होगी। क्रेमलिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने इस वार्ता की पुष्टि की है।

### बांग्लादेश में एक और मंदिर को जलाया गया

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के सिलहट सदर उपजिला में रविवार तड़के कुछ अज्ञाक लोगों ने तारापुर चाय बागान स्थित श्री श्री गौर निताई मंदिर में आग लगा दी। मंदिर की देखरेख करने वाले माला मुडी ने बताया, आग तेजी से फैल गई। स्थानीय लोगों ने इस पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग के कारण भगवान कृष्ण, राधा-कृष्ण, पंचतत्व, भगवान नरसिंह और भगवान जगन्नाथ की मूर्तियों के साथ-साथ श्रीमद्भगवद् गीता, पूजा के वस्त्रों और पर्दों को नुकसान पहुंचा है।

### उत्तरी इटली में हिमस्खलन में 2 स्कीयर की मौत, एक घायल

**रोम , एजेंसी।** रोम के अधिकारियों ने बताया कि रविवार को फ्रांस और स्विट्जरलैंड के बॉर्डर के पास, मोंट ब्लांक मैसिफ के इटली वाले हिस्से में रास्ते से हटकर हुए हिमस्खलन में दो स्कीयर की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इटली के एल्पाइन रेस्क्यू के मुताबिक, रविवार सुबह कोउलोर वेसेस में हुए हिमस्खलन में कम से कम तीन स्कीयर फंस गए, जो ऊपरी वैल वेनी में कौरमायूर का एक मशहूर फ्रीराइड रूट है। एजेंसी ने बताया कि पीड़ितों में से एक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। पंद्रह बचाव दल, तीन कुत्तों की टुकड़ियों और दो हेलीकॉप्टरों ने खोज और बचाव के काम में हिस्सा लिया।

# बहन और बेटी की लड़ाई में फंसा क्रूर तानाशाह! 13 साल की पुत्री को 'पावर' देने की तैयारी में किम जोंग उन

**प्योंगयांग/सियोल, एजेंसी।** देश पर कंट्रोल करने की लड़ाई दोनों के बीच तेज हो सकती है। किम जू ऐ की उम्र महज 13 साल है और चर्चा है कि उसे 14 साल का होते ही किम जोंग उन की ओर से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया जा सकता है। उन की बहन भी खुद को एक पावर सेंटर मानती रही हैं। ऐसे में संभव है कि यह संघर्ष बढ़ सकता है। दुनिया के सबसे क्रूर तानाशाहों में से एक किम जोंग उन के परिवार में ही फिलहाल झगड़ा होता दिख रहा है। साउथ कोरिया की खुफिया एजेंसी का कहना है कि किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ का नाम अगले नेता के तौर पर घोषित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में किम जोंग उन की बेटी का मुकाबला पावरफुल बुआ किम यो जोंग से हो सकता है। भविष्य में देश पर कंट्रोल करने की लड़ाई दोनों के बीच तेज हो सकती है। किम जू ऐ की उम्र महज 13 साल है और चर्चा है कि उसे 14 साल का होते ही किम जोंग उन की ओर से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया जा सकता है। उन की बहन भी खुद को एक पावर सेंटर मानती रही हैं। ऐसे में संभव है कि यह संघर्ष बढ़ सकता है। साउथ कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने बीते सप्ताह



बताया कि किम जू ऐ की उम्र 13 साल की हो गई हैं। अब उन्हें औपचारिक तौर पर उत्तराधिकारी घोषित किया जा सकता है। यह समय अहम है क्योंकि उत्तर कोरिया में इसी महीने एक बड़ा राजनीतिक आयोजन होने वाला है। इसमें किम जोंग उन बताएंगे कि देश के लिए भविष्य में क्या लक्ष्य तय किए गए हैं। इसके अलावा वह देश की सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए भी कुछ कदमों का ऐलान कर सकते हैं। इस दौरान किम जोंग उन की बेटी भी मंच पर हो सकती हैं। हाल ही में एक मीटिंग में वह अपने पिता का हाथ थामे हुए पहुंची थीं। किम जू ऐ को किसी सार्वजनिक आयोजन में पहली बार नवंबर 2022 में देखा गया था। तब वह एक लॉन्ग रेंज मिसाइल के परीक्षण में पहुंची थीं। इसके बाद वह लगातार कई आयोजनों में पिता के साथ नजर आई हैं। उन्होंने हथियार फैक्ट्रियों के दौरे किए हैं तो वहीं सैन्य परेडों में भी हिस्सा लिया है। यही नहीं बीते साल सितंबर में वह चीन की राजधानी बीजिंग भी पहुंची थीं। आमतौर पर उत्तर कोरिया की राजनीति में पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है, लेकिन पहली बार किम जोंग उन बेटी को कमान दे सकते हैं। इसी उद्देश्य से उन्हें चीन ले जाया गया था ताकि उन्हें स्थापित किया जा सके और दुनिया भर में एक संदेश जाए।

**क्यों इतनी पावरफुल मानी जाती हैं किम जोंग उन की बहन :** किम जोंग उन की बेटी के लिए देश में कोई चुनौती नहीं है, लेकिन बुआ से ही चैलेंज मिल सकता है। दरअसल 38 वर्षीय किम यो जोंग को उन के बाद देश की दूसरी सबसे पावरफुल शख्सियत माना जाता है। उनकी राजनीतिक पकड़ मजबूत है तो वहीं सैन्य हलकों में भी उनकी ताकत कम नहीं है। फिलहाल वह कोरिया की वर्कर्स पार्टी की सेंट्रल कमेटी में सीनियर पद पर हैं। इसके अलावा भाई की राय को भी वह काफी हद तक प्रभावित करती रही हैं। ऐसे में अब यदि किम जोंग उन की बेटी मजबूत हुई तो फिर चीजें बदल सकती हैं।

**किम जोंग के परिवार में बर्बर रहा है सत्ता का संघर्ष :** उत्तर कोरिया पूरी दुनिया के उनके मुल्कों में शुमार किया जाता है, जो सूचना से कटे हुए हैं। यहां के आम नागरिकों को दुनिया के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती। इसके अलावा दुनिया के मीडिया या लोगों की एंट्री पर भी काफी पाबंदियां हैं। मीडिया पर इस सेंसरशिप के चलते ही उत्तर कोरिया के लोग पूरी दुनिया से एक तरह से कटे हुए हैं। बता दें कि देश में सत्ता संघर्ष भी बहुत क्रूर रहा है। किम जोंग उन ने 2011 में सत्ता संभालने के बाद अपने अंकल और मेंटर रहे जांग सॉन्ग थाएक को गोलियां मरवाकर जान ले ली थी। इसके अलावा किम जोंग उन के सौतेले भाई किम जोंग नाम की भी 2017 में हत्या करा दी गई थी।

## जमात-ए-इस्लामी के अमीर से मिले तारिक रहमान; पाकिस्तान में इस्लामिक विद्वान पर जानलेवा हमला

**ढाका , एजेंसी।** ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान ने जमात-ए-इस्लामी के अमीर शफीकुर रहमान से मुलाकात कर चुनाव बाद हिंसा पर कार्रवाई का भरोसा दिया। 13वें संसदीय चुनाव में बीएनपी गठबंधन को 300 में से 212 सीटें मिलीं, जबकि जमात 77 सीटों के साथ प्रमुख विपक्ष बनकर उभरी। जमात ने कहा कि वह राष्ट्रीय हित में सहयोग करेगी, पर सरकार से जवाबदेही भी सुनिश्चित करेगी। तारिक रहमान के प्रधानमंत्री पद संभालने की तैयारी के बीच यह मुलाकात राजनीतिक संतुलन का संकेत मानी जा रही है।

**पाकिस्तानः इंजीनियर मिर्जा पर हमले में आरोपी गिरफ्तार :** पाकिस्तान के झेलम में पुलिस ने इस्लामिक स्कॉलर इंजीनियर मोहम्मद अली मिर्जा पर हमले के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। घटना उनके कुरआन-ओ-सुन्नत रिसर्च अकादमी में हुई, जहां आरोपी ने कथित रूप से गला दबाने और पगड़ी उतारने की कोशिश की। पुलिस ने पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 324 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया। मिर्जा पहले भी हमलों और ईशनिंदा आरोपों का सामना कर चुके हैं तथा 2021 में उन पर जानलेवा हमला हुआ था। वह यूट्यूब पर लोकप्रिय धार्मिक व्याख्यानों के लिए जाने जाते हैं। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के बाद कहा कि वायु रक्षा के लिए मिसाइलें सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने अमेरिका और जर्मनी का समर्थन के लिए आभार जताया तथा जर्मनी के साथ संयुक्त ड्रोन उत्पादन लाइन शुरू होने की जानकारी दी। यूके ने भी 500 मिलियन यूरो का नया एयर डिफेंस पैकेज घोषित किया है। ज़ेलेंस्की ने कहा कि अगले सप्ताह ऊर्जा अवसंरचना की बहाली और उपकरणों पर बैठकें होंगी। रूस के हमलों के बीच उन्होंने नागरिकों से एयर रेड अलर्ट का पालन करने की अपील की। 17-18 फरवरी को जिनेवा में संभावित त्रिपक्षीय वार्ता की भी तैयारी है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी समेत पांच यूरोपीय देशों द्वारा रूस पर विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की हत्या करवाने के आरोपों को रूस ने नकार दिया है। रूस ने इन आरोपों को पश्चिम देशों का दुष्प्रचार बताकर खारिज कर दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि वह जांच के नतीजे सार्वजनिक होने के बाद ही कोई टिप्पणी करेंगी। पांच यूरोपीय देशों ने शनिवार को आरोप लगाया था कि रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की हत्या जहरीले मेढ़क के जहर से की गई थी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को घोषणा की कि 17 फरवरी 2026 से कनाडा और ब्रिटेन के सामान्य पासपोर्ट धारकों को वीजा-मुक्त प्रवेश की सुविधा दी जाएगी।

## चीन में लूनर न्यू ईयर से पहले पटाखों की दुकान में विस्फोट, 8 लोगों की मौत, 2 घायल

**बीजिंग, एजेंसी।** पूर्वी चीन में लूनर (न्यू ईयर) से ठीक पहले पटाखों की दुकान में हुए विस्फोट और आग में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य लोग मामूली रूप से झुलस गए। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। यह धमाका रविवार दोपहर जिआंगसू प्रांत के डोंगहाई काउंटी के एक गांव में हुआ। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, एक निवासी ने दुकान के पास गलत तरीके से पटाखे जलाए, जिससे विस्फोट हो गया। घटना के कारणों की जांच जारी है।

सरकार के बयान में कहा गया कि दुकान के आसपास पटाखों को जलाना बैन है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लापरवाही से पटाखे जलाने के कारण आग भड़की और फिर विस्फोट हुआ। चीन में लूनर न्यू ईयर में पटाखे जलाना परंपरा का हिस्सा है। इसे बुरी शक्तियों को दूर भगाने का प्रतीक माना जाता है। हालांकि, हाल के वर्षों में वायु प्रदूषण और सुरक्षा कारणों से कई शहरों में पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया था। पिछले साल कुछ स्थानीय सरकारों ने इन प्रतिबंधों में ढील दी थी, जिससे बाजार में पटाखों की बिक्री बढ़ी। रविवार की घटना के बाद आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने सभी क्षेत्रों से पटाखों के उत्पादन, परिवहन, बिक्री और उपयोग की निगरानी कड़ी करने का आदेश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि दुकानों के आसपास पटाखे जलाने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और स्थानीय प्रशासन जोखिम वाले जगहों की पहचान करे, ताकि लोग सुरक्षित तरीके से त्यौहार मना सके। इस धमाके के बाद आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने सभी क्षेत्रों को आग, पटाखों की बिक्री, उत्पादन, परिवहन और उपयोग की निगरानी बढ़ाने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने कहा कि दुकानों के आसपास पटाखों का परीक्षण पूरी तरह से प्रतिबंधित होना चाहिए और स्थानीय सरकारों से कहा कि वे सुरक्षा की कमजोरियों को पहचान कर उन्हें दूर करें ताकि जनता सुरक्षित, मंगलमय और खुशहाल स्प्रिंग फेस्टिवल मना सके। गौरतलब है कि चीन में लूनर न्यू ईयर की रात को पटाखे जलाना एक प्राचीन परंपरा है। हाल के वर्षों में कई जगहों पर प्रदूषण को रोकने और सुरक्षा कारणों से पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## इमरान खान के इलाज को लेकर चिंता बढ़ी, बहन अलीमा खान का आरोप- परिवार के डॉक्टर को मिलने से रोका गया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की बहन अलीमा खान ने जेल में उनके इलाज और स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता जताई है। अलीमा खानम ने कहा कि परिवार के डॉक्टर को इमरान खान से मिलने की अनुमति नहीं दी गई, जिससे उनकी नाराजगी और बढ़ गई है। अलीमा ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पोस्ट में लिखा 'हमारी मांग शुरू से स्पष्ट रही हैः इमरान खान का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनके निजी डॉक्टर डॉ. असिम यूसुफ की मौजूदगी में होना चाहिए, साथ ही परिवार का एक सदस्य भी मौजूद हो।' उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने हमारे डॉक्टरों द्वारा सुझाए गए विशेषज्ञों को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद हमें अन्य नाम सुझाने के लिए कहा गया। हमने अपनी बहन



उजमा खान का नाम दिया, लेकिन हमें बताया गया कि इमरान खान की बहनें उपस्थित नहीं हो सकतीं। इसके बाद हमने अपने चचेरे भाई नौशेरवान बुर्की का नाम दिया, लेकिन उसे भी अस्वीकार कर दिया गया। इमरान खान की आंखों की रोशनी 15 फीसदी बची अलीमा खान ने सवाल उठाया कि यह अस्वीकार्य है! हमारी चिंता बढ़ रही है कि हमारे परिवार के सदस्य को क्यों नहीं होने दिया जा रहा? क्या दोनों नाम इसलिए अस्वीकृत किए जा रहे हैं क्योंकि वे अत्यधिक योग्य डॉक्टर हैं? पिछले रविवार को रावलपिंडी के अडियाला जेल में एक चिकित्सा टीम ने इमरान खान की आंखों की जांच की, जो लगभग एक घंटे तक चली। यह जांच सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद की गई, जो इमरान के 12 फरवरी के दावे के बाद हुई कि उनकी दाहिनी आंख में केवल 15% दृष्टि बची है। मेडिकल बोर्ड गठन और बच्चों से मिलने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट ने एक मेडिकल बोर्ड बनाने का आदेश दिया और उनके बच्चों से मिलने की अनुमति 16 फरवरी से पहले देने को कहा था। हालांकि, सरकारी अधिकारियों ने शनिवार को संकेत दिए कि इमरान को अस्पताल स्थानांतरित किया जाएगा, लेकिन रविवार दोपहर तक कोई ट्रांसफर नहीं हुआ। इमरान की बहन नूरीन नियाजी ने एक्स पर पोस्ट किया कि जेल में एम्बुलेंस आई थी, लेकिन उन्होंने कहा कि हम और खान साहिब के निजी डॉक्टरों को भरोसे में लिए बिना यह अस्वीकार्य है। जेल अधीक्षक ने ट्रांसफर की खबरों को अफवाह बताते हुए कहा कि इमरान केवल जांच के लिए हैं। उन्होंने बताया कि मेडिकल टीम उनकी आंखों की जांच करेगी, विभिन्न टेस्ट करेगी और तय करेगी कि उन्हें अस्पताल स्थानांतरित किया जाए।

## बांग्लादेश-यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठा सकती है रहमान सरकार

### 18 मंत्रियों की संपत्ति में इजाफा ; यूनुस की प्रॉपर्टी 12 करोड़ हुई, पेरिस जाने की तैयारी में

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद गठित मोहम्मद यूनुस सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया है। सरकार के मुखिया यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपए हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपए का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टॉप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है।

दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपए की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे



की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं। इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवॉर्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे। लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे। आइटी मंत्री फैज नीदरलैंड्स लौटे तारिक रहमान की जीत के साथ ही यूनुस सरकार में आईटी मंत्री रहे फैज अहमद तैयब नीदरलैंड्स लौट गए हैं। फैज के कार्यकाल के दौरान आइटी सेक्टर में उनके द्वारा विदेशी कंपनियों के पक्ष में दिए गए कुछ फैसलों को लेकर आपत्तियां भी आई थीं। उन पर अनावश्यक हाई-कैपेसिटी इक्विपमेंट खरीद के लिए कुछ कंपनियों को टेंडर जारी करने के भी आरोप हैं। यूनुस सरकार में पर्यावरण मंत्री सैयदा रिजवाना का कहना है कि फैज अपने परिवार के साथ नीदरलैंड्स में ही रहते हैं, वे यूनुस सरकार में शामिल होने के लिए बांग्लादेश लौटे थे।

**जमात प्रमुख शफीकुर से मिले तारिक रहमान :** बांग्लादेश के नवनिर्वाचित पीएम रहमान ने रविवार देर शाम जमात के अमीर (प्रमुख) शफीकुर रहमान के साथ मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार रहमान ने संसद के सुचारु संचालन के लिए जमात के साथ समझौते पर सहमति भी बनाई है। बता दें कि जमात ने 32 सीटों में धांधली का आरोप लगाया है। दूसरी ओर सूत्रों के अनुसार ढाका में चीन और पाकिस्तान के दूतावासों में बैठकों के दौर तेज हो गए हैं। पाकिस्तान से लगभग 6 वरिष्ठ आर्मी अफसर पिछले एक पखवाड़े से दूतावास में डेरा जमाए हुए हैं। जमात की हार के बाद पाकिस्तान रहमान सरकार के साथ संबंधों के लिए ग्राउंड वर्क में जुटा है। पूर्व में पाक कट्टरपंथी जमात का समर्थक रहा है।

## अगर ईरान ने समझौता नहीं किया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

### -ट्रंप ने जिनेवा में होने वाली अहम परमाणु वार्ता से पहले दी चेतावनी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिनेवा में होने वाली अहम परमाणु वार्ता से पहले ईरान को चेतावनी भरा संदेश दिया है। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने समझौता नहीं किया तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप ने कहा कि वह इस उच्चस्तरीय वार्ता प्रक्रिया में 'अप्रत्यक्ष रूप से' शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिनेवा में होने वाली बातचीत बेहद अहम है। ट्रंप के मुताबिक ईरान भले ही एक 'कठिन वार्ताकार' हो, लेकिन उसकी नेतृत्व क्षमता कमजोर रही है। उन्होंने कहा कि अगर वे सही समय पर समझौता कर लेते तो हमें उनके परमाणु ठिकानों पर बी-2 विमान भेजने की जरूरत नहीं पड़ती।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने दावा किया कि हालिया सैन्य कार्रवाई ने पूरे भू-राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया और ईरान को दोबारा कूटनीति की ओर लौटने के लिए मजबूर किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान 'ज्यादा समझदारी' दिखाएगा, क्योंकि आर्थिक और राजनीतिक दबाव उसे बातचीत की मेज पर ला रहे हैं। मिडिल ईस्ट की स्थिति पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि कहीं-कहीं तनाव जरूर दिख सकता है, लेकिन कुल मिलाकर क्षेत्र में शांति कायम है।

ट्रंप ने हालिया सैन्य अभियान का बचाव करते हुए कहा कि इसके बिना ईरान एक महीने के अंदर परमाणु हथियार बना लेता। इस ऑपरेशन के तहत अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। इससे पहले अप्रैल 2025 में ईरान और अमेरिका के बीच ओमान के मस्कट और इटली के रोम में परमाणु वार्ता के दौर हुए थे, लेकिन जून 2025 में सैन्य हमलों के बाद हालात पूरी तरह बदल गए। ईरान ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया था। अब सैन्य टकराव के बावजूद दोनों देश एक बार फिर परमाणु समझौते पर चर्चा के लिए मंगलवार को मिल रहे हैं।

## चीन ने पहाड़ खोदकर बना डाले परमाणु ठिकाने, तस्वीरों में सामने आया ड्रैगन का खतरनाक इरादा

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक जियोस्पेशल की सैटलाइट तस्वीरों में चीन के खतरनाक इरादों का खुलासा हुआ है। चीन पहाड़ खोदकर परमाणु ठिकाने बना रहा है। कई मशीनें ऐक्टिव भी हो गई हैं। चीन के सिचुआन की कुछ सैटलाइट तस्वीरों ने भारत की टेंशन बढ़ा दी है। 2022 से 2026 तक की सैटलाइट तस्वीरों के अध्ययन से पता चला है कि चीन सिचुआन प्रांत में गुप्त रूप से परमाणु हथियारों के ठिकाने बना चुका है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में इसका दावा किया गया है। जियोस्पेशल इंटेलिजेंस एक्सपर्ट्स के मुताबिक 2019 के बाद से चीन ने परमाणु हथियारों को लेकर अभियान तेज कर दिया है। सिचुआन में जिटॉन्ग नाम की जगह पर घाटियों के बीच चीन ने बड़े-बड़े बंकर बनाए हैं। यहां पर पाइप का जाल बिछाया गया है। जानकारों का कहना है कि यहां पहाड़ों को खोदकर परमाणु अड्डे बनाए गए हैं। बता दें कि दुनियाभर में परमाणु हथियारों को लेकर तनाव पहल से ही कम नहीं है। इसी मुद्दे पर अमेरिका और ईरान आमने-सामने खड़े हैं और अमेरिका सीधी धमकी दे रहा है कि अगर ईरान के सीथ डील नहीं हुई तो वह हमला कर देगा। दूसरी ओर चीन का यह परमाणु अभियान ना केवल भार बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। न्यूयॉर्क टाइम्स की ओर से जारी तस्वीरों के मुताबिक चीन अपनी स्ट्रैटजिक पोजीशन को लगातार मजबूत करने में लगा है। अमेरिका ने 2020 में ही दावा किया था कि



चीन गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि चीन और रूस मिलकर अमेरिका केसाथ न्यूक्लियर वेपन एग्रीमेंट करें। अमेरिका ने कहा है कि अमेरिका और रूस के बीच न्यूक्यिर आर्म्स कंट्रोल पैक्ट खत् हो चुका हैऔर इसलिए चीन को भविष्य के समझौते का हिस्सा बनना चाहिए। पेंटागन के एक अनुमान के मुताबिक 2024 के आखिरी तक चीन के पास 500 से ज्यादा परमाणु हथियार हो सकते हैं। वहीं 2030 तक उसाक लक्ष्य यह आंकड़ा 1 हजार तक पहुंचाने का है। हालांकि अभी चीन रूस और अमेरिका से बहुत पीछे है और अगले 10 साल में भी वह रूस की बराबरी नहीं कर सकता है।

**चीन की नई चाल का सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा :** न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार चीन अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को तेजी से बढ़ा रहा है। बीजिंग दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में पहाड़ों के अंदर गुप्त रूप से परमाणु हथियारों से जुड़ी सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में रविवार को बताया कि 2022 और 2026 के बीच ली गई उपग्रह तस्वीरों के भू-स्थानिक विश्लेषण से दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में गुप्त परमाणु हथियार सुविधाओं के महत्वपूर्ण विस्तार का पता चला है।

**घाटी में नए बने बंकर और दीवारें दिखी :** भू-स्थानिक खुफिया विशेषज्ञ रेनी बाबियारज द्वारा साझा किए गए निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि 2019 से चीन के परमाणु निर्माण में तेजी आई है, जो देश की रणनीतिक क्षमताओं में एक अहम मोड़ है। सिचुआन में जिटोंग नाम की एक साइट पर इमेज से घाटी में नए बने बंकर और दीवारें दिखती हैं। उस जगह पर एक नए बने कॉम्प्लेक्स में बड़ा पाइपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर है, जिसके बारे में एनालिस्ट्स का कहना है कि यह उन सुविधाओं से मेल खाता है, जो खतरनाक मटीरियल को हैंडल करती हैं। इसलिए किया जा रहा बंकरों का इस्तेमाल विश्लेषण में बताए गए एक्सपर्ट्स का अंदाजा है कि बंकरों का इस्तेमाल शायद उच्च-विस्फोटक परीक्षण करने के लिए किया जा रहा है। यह एक प्रक्रिया है, जिसका इस्तेमाल केमिकल डेटोनेटर को रिफाइन करने के लिए किया जाता है, जो एक वॉरहेड में न्यूक्लियर मटीरियल को कंप्रेस करते हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप: ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्वकप से बाहर हुई , जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंची

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच बारिश के कारण मुकाबला रद्द होने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्वकप क्रिकेट से बाहर हो गयी है। ये इस विश्वकप का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर है। ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के साथ ही ग्रुप बी से श्रीलंका के बाद जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गयी है। जिम्बाब्वे-आयरलैंड के बीच मैच नहीं हेने से एक-एक अंक बंट गया जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया जहां बाहर हो गयी। वहीं जिम्बाब्वे इस ग्रप बी से क्वालीफाई करने वालद दूसरी टीम बनी।

श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया पर बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। वहीं जिम्बाब्वे को सुपर-8 राउंड में पहुंचने के लिए सिर्फ एक अंक की जरूरत थी और कैंडी में वह उसे मिल गया। आज यहां सुबह से मौसम खराब था। जिससे ऑस्ट्रेलिया की सभी उम्मीदें टूट गयीं।

साल 2021 में विजेता रही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम पिछले तीन टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। वहीं साल 2009 के बाद से ये ऑस्ट्रेलिया का सबसे खराब प्रदर्शन भी है। इस बार ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज से भी हार का सामना करना पड़ा था। जिम्बाब्वे से अपना पहला ही मैच हारने के बाद, श्रीलंका से हारना ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ा झटका रहा।

जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच बारिश के कारण मैच शुरु ही नहीं हो पाया। ऐसे में शाम 5ः30 बजे बिना एक भी गेंद फेंके मैच रद्द कर दिया गया। वहीं ये पहला अवसर है जब जिम्बाब्वे टी-20 विश्व कप इतिहास में दूसरे दौर तक पहुंची है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में हुए 2022 टी-20 विश्व कप में जिम्बाब्वे सुपर-12 ग्रुप में सबसे अंत में रही थी।जिम्बाब्वे अब क्रिकेट विश्व कप के किसी भी प्रारुप में सबसे आगे पहुंच गयी है, इससे पहले 1999 के एकदिवसीय विश्व कप में वह पांचवें स्थान पर थी और नेट रन-रेट के आधार पर सेमीफाइनल में पहुंचने से रह गई थी। जिम्बाब्वे अब सुपर-8 राउंड के ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया की जगह उतरेगी। यहां उसका सामना भारत, वेस्टइंडीज या 2024 के फाइनलिस्ट दक्षिण अफ्रीका से होगा। पिछले टी-20 विश्व कप में जिम्बाब्वे क्वालीफाई तक नहीं कर पाई थी।




# आईसीसी रैंकिंग : दीप्ति शर्मा पिछड़ी, पाकिस्तान की गेंदबाज फिर से नंबर 1 बनीं



**दुबई (एजेंसी)।** सादिया इकबाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगातार शानदार परफॉर्मेंस के बाद आईसीसी महिला टी20आई बॉलिंग रैंकिंग में फिर से नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। पाकिस्तान की लेफ्ट-आर्म स्पिनर आईसीसी महिला प्लेयर रैंकिंग के लेटेस्ट अपडेट में ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड और भारत की अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा को पीछे छोड़ते हुए टॉप पर वापस आ गई हैं। इकबाल की यह बढ़त साउथ अफ्रीका में पाकिस्तान की हालिया तीन मैचों की टी20आई सीरीज में अच्छे प्रदर्शन की वजह से हुई है, जहां वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं।

इकबाल ने पूरी सीरीज में 5 विकेट लिए, जिसमें बेनोनी में आखिरी मैच में उनका शानदार परफॉर्मेंस 3-18 था जिसने स्टैंडिंग में टॉप पर उनकी वापसी में अहम भूमिका निभाई। उस अहम स्पेल ने रैंकिंग में उन्हें दो पायदान ऊपर चढ़ा दिया जिससे वह 2024 के आखिर में और फिर पिछले साल कुछ समय के लिए उसी पोजीशन पर वापस आ गईं। सदरलैंड ने पिछले महीने ही नंबर 1 रैंकिंग हासिल की थी, लेकिन इकबाल की लगातार अच्छा खेलने और मैच जिताने वाले असर ने अब उन्हें फिर से आगे कर दिया है। ताजा रैंकिंग अपडेट में पाकिस्तान के लिए और भी अच्छी खबर आई। कैप्टन फातिमा सना ने सीरीज के आखिरी मैच में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के बाद कई कैटेगरी में बड़ी छलांग लगाई। 22 साल की फातिमा टी20आई बैटिंग रैंकिंग में 31 पायदान ऊपर चढ़कर 28वें नंबर पर आ गईं और टी20आई ऑलराउंडरों में भी पांच पायदान ऊपर छठे नंबर पर आ गईं। फातिमा की इस बढ़त को प्रोटियाज के खिलाफ आखिरी मैच में प्लेयर ऑफ द मैच के प्रदर्शन से और बढ़ावा मिला, जहां उन्होंने सिर्फ 30 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए और दो अहम विकेट भी लिए। उनके हाथों आउट होने वालों में साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट भी शामिल हैं, हालांकि प्रोटिया बैटर ने खुद भी थोड़ी बढ़त हासिल की है, और टी20आई बैटिंग रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर आ गईं।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया में अपनी टी20आई सीरीज़ के बारिश से प्रभावित शुरुआती मैच में कई भारतीय गेंदबाजों को उनकी मेहनत का इनाम मिला। रेणुका सिंह 6 स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर, अरुंधति रेड्डी 19 स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर, और श्री चरणी आठ स्थान चढ़कर 39वें स्थान पर पहुंच गईं, जो गेंद से उनके मजबूत योगदान को दिखाता है।

# शमी ने रणजी में आठ विकेट लेकर टीम इंडिया में वापसी के लिए दावेदारी की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम में वापसी करने में असफल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में आठ विकेट लेकर चयनकर्ताओं को करारा जवाब दिया है। शमी ने हाथ में पट्टी बांधकर जिस प्रकार 22.1 ओवर में 90 रन देकर आठ विकेट लिए। उससे उनका फार्म और फिटनेस दोनो ही साबित हुए हैं। ये उनके प्रथम श्रेणी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शमी की इस गेंदबाजी से ही बंगाल को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ सेमीफाइनल में पहली पारी में 26 रन की बढ़त मिली। अब फाइनल में बंगाल और कर्नाटक का मुकाबला होने की संभावना है। दूसरे और तीसरे दिन शमी ने जबरदस्त गेंदबाजी की। शमी ने पांच विकेट लेने के बाद सटीक लाइन-लेंथ के साथ तीन विकेट और निकाले। इस प्रकार कुल आठ विकेट झटके। इस दौरान उनकी तेज गेंदबाजी में धार देखी गयी।

35 साल की उम्र में, बिना किसी बीसीसीआई के केन्द्रीय अनुबंध और राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद बाद भी शमी ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। उन्होंने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को उनकी ओर ध्यान देने मजबूर किया है। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर और शमी के बीच पिछले एक साल में फिटनेस को लेकर मतभेद रहे हैं। आगरकर का मानना है कि शमी पांच दिवसीय क्रिकेट के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं पर शमी हर बार अपने प्रदर्शन से जवाब देते आए हैं। इस बार भी शायद वह यही दिखाना चाहते हैं। बंगाल ने 249/5 से आगे खेलते हुए 328 रन बनाए। सुदीप घरामी की 146 रनों की पारी खेली जबकि आकिब नबी ने 5/87 लेकर प्रभावित किया। नबी ने इस सीजन में रणजी ट्रॉफी में अपने 50 विकेट भी पूरे किए लेकिन जब जम्मू-कश्मीर ने जवाबी पारी शुरू की, तो मैच पर पूरी तरह शमी हावी रहे। दूसरे दिन नई गेंद से शमी ने शुबहम खजूरिया और यावर हसन को जल्दी आउट कर जम्मू-कश्मीर को 13/2 पर ला दिया और बाद में उन्होंने पारस डोगरा और अब्दुल समद के बीच 147 रनों की खतरनाक साझेदारी को तोड़ा। समद (82) और डोगरा (58) दोनों को आउट कर शमी ने मैच का रुख पलट दिया। डोगरा ने अपनी पारी के दौरान रणजी ट्रॉफी में 10,000 रन भी पूरे किए.

# टी20 विश्वकप में आज नीदरलैंड पर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय टीम बुधवार को यहां नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले टी20 विश्कप मैच में जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने अब तक अपने सभी मैच जीते हैं और वह पहले ही सुपर आठ में पहुंच गयी है। ऐसे में उसके खिलाड़ियों का लक्ष्य इस मैच से अपनी लय को और बेहतर करना होगा। वहीं अब तक रन नहीं बना पाये सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का भी लक्ष्य बड़ी पारी खेलकर फार्म हासिल करना रहेगा। अभिषेक अभी तक खेले दोनो ही मैचों में अपना खाता नहीं खोल पाये थे। इसके अलावा अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ अपनी तैयारियों का और पक्का करना चाहेंगे। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक पारी खेलकर छाये हुए ईशान किशन इस बार भी अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे।

ईशान के अच्छे प्रदर्शन के कारण ही अब तक इस टूर्नामेंट में अभिषेक के असफल होने के बाद भी भारतीय टीम हर मैच जीती है। वहीं तिलक वर्मा भी अपने नाम के अनुरुप खेलते आये हैं। पाक के खिलाफ शुरुआती विकेट गिरने के बाद उन्होंने ईशान के साथ मिलकर पारी संभाली थी। दोनो के बीच एक अच्छी साझेदारी हुई। ऑलराउडर शिवम दुबे और रिंकू सिंह ने भी पाकिस्तन के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी की। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या बल्लेबाजी में तो असफल रहे पर गेंदबाज में उन्होंने शुरुआती विकेट लेकर कमी पूरी कर दी। पाक के खिलाफ बड़ी पारी नहीं खेल पाये कप्तान सूर्यकुमार यादव भी इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। भारतीय गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव का प्रदर्शन प्रभावी रहा है जो ये इस मैच में भी बरकरार रखना चाहेंगे। वहीं अमेरिका और नामीबिया के खिलाफ मैच में भारतीय बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाये थे ऐसे में भारतीय टीम नीदरलैंड को कम आंकने की भूल नहीं करेगी। नीदरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण में बहुत अच्छे स्पिनर नहीं हैं पर फिर भी भारतीय बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा। नीदरलैंड की स्पिन आक्रमण में आर्यन दत्त और रोएलॉफ वैन डेर मेरवे शामिल है जो भारतीय बल्लेबाजों के सामने परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे।

भारत इस मैच सुपर आठ से पहले कुछ गेंदबाजों को आराम दे सकता है, जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं।इस मैच में भारत दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकता है। अगर बुमराह को आराम दिया जाता है तो मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को के अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। ऐसे में स्पिन विभाग की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल के पास रहेगीहैं। नीदरलैंड की टीम इस मैच में बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना चाहेगी। नामीबिया पर जीत के बाद पिछले मैच में उसे अमेरिका से करारी हार मिली थी जिससे वह उबरना चाहेगी।




**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंडः** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, जैक लायन-कैशेट, मैक्स ओडोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।

## निसंका ने हवा में छलांग लगाकर पकड़ा असंभव सा कैच

कोलंबो । श्रीलंका के पाथुम निशंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में एक ऐसा कैच लिया जिससे सभी हैरान हो गये । निशंका ने ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का ये कैच हवा में छलांग लगाकर पकड़ा। निसंका को कैच लेते देखकर बल्लेबाजी कर रहे मैक्सवेल को भी अपने आउट होने का भरोसा नहीं हुआ । सोशल मीडिया पर इसका एक वीडिया आया है जो काफी पसंद किया गया है । इस कैच को टूर्नामेंट का सबसे अच्छा कैच बताया गया है। इसी के साथ ही मैक्सवेल की 22 रनों की पारी समाप्त हो गयी। मैक्सवेल ने दुशान हेमन्था की गेंद पर शॉट लगाया और गेंद हवा में पाथुम के पास से निकली पर उन्होंने हवा में छलांग लगाते हुए कैच लेने का प्रयास किया और किस्मत से गेंद उनके हाथों में आ गयी । श्रीलंका ने इस मैच में टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया और उसका ये फैसला सही साबित हुआ । ऑस्ट्रेलिया की ओर से कोई भी बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाया ।

# मंधाना को 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025' अवॉर्ड




नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को यहां एक कार्यक्रम में 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया । मंधाना को ये अवार्ड एकदिवसीय विश्व कप 2025 में भारतीय टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है । मंधाना ने साल का सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिये जाने पर खुशी जतायी है। मंधाना भारतीय टीम की उपकप्तान हैं और साल 2025 में उन्होंने काफी रन बनाये थे । वह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में दूसरी सबसे अधिक शतक लगाने वाली खिलाड़ी हैं । वहीं युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी जबकि पैरा एथलीट प्रीति पाल को 2024 पेरिस पैरालंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो कांस्य पदक जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा खिलाड़ी का अवार्ड दिया गया । इसके अलावा पूर्व निशानेबाज अंजलि भागवत को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंजलि ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज रही हैं । पुरस्कार विजेताओं का चयन लिएंडर पेस, दीपा मलिक और अंजू बॉबी जॉर्ज की जूरी ने किया ।

# टी20 विश्वकप2026 में युवराज सिंह समरा का ऐतिहासिक शतक, न्यूजीलैंड के खिलाफ रचा कीर्तिमान

**चेन्नई (एजेंसी) ।** चेन्नई में मंगलवार को खेले गए मुकाबले ने टी20 विश्व कप 2026 में एक नई कहानी लिख दी। कनाडा के युवा बल्लेबाज युवराज सिंह समरा ने अपने नाम के अनुरूप ऐसा प्रदर्शन किया कि क्रिकेट जगत हैरान रह गया।

बता दें कि टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप डी मुकाबले में कनाडा क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 173 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। यह मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया। कनाडा की पारी की रीढ़ बने 19 वर्षीय ओपनर युवराज सिंह समरा, जिनका नाम भारतीय दिग्गज युवराज सिंह के नाम पर रखा गया है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, समरा के पिता बलजीत कमरा ने अपने बेटे का नाम भारत के पूर्व ऑलराउंडर से प्रेरित होकर रखा था। गौरतलब है कि समरा ने महज 58 गेंदों में शतक जड़ते हुए 110 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल रहे। यह पारी न केवल कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी टीम स्कोर में अहम रही, बल्कि टी20 विश्व कप इतिहास में किसी एसोसिएट देश के बल्लेबाज का पहला शतक भी बनी।




समरा ने मार्च पिछले वर्ष अंतरराष्ट्रीय टी20 में पदार्पण किया था और यह उनका 19वां मुकाबला था। इससे पहले बहामास के खिलाफ 15 गेंदों में अर्धशतक लगाकर उन्होंने अपनी क्षमता का संकेत दिया था। हालांकि, न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ विश्व मंच पर शतक जमाना उनके करियर का अब तक का सबसे बड़ा क्षण माना जा रहा है।

गौरतलब है कि न्यूजीलैंड इस मुकाबले में सुपर 8 की दौड़ में बने रहने के लिए उतरा था, लेकिन शुरुआती ओवरों में समरा ने आक्रामक तेवर अपनाते हुए मैट हेनरी और जेम्स नीशम पर दबाव बनाया। कप्तान दिलप्रीत बाजवा के साथ उनकी 116 रन की साझेदारी टी20 विश्व कप में किसी एसोसिएट टीम द्वारा पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी रही।

हालांकि अंतिम तीन ओवरों में न्यूजीलैंड ने वापसी करते हुए दो विकेट झटके और रनगति पर अंकुश लगाया, जिससे कनाडा 180 के आंकड़े को पार नहीं कर सका। इसके बावजूद समरा की पारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि उभरती टीमें अब बड़े मंच पर चुनौती देने के लिए तैयार हैं और युवा प्रतिभाएं वैश्विक क्रिकेट संतुलन को बदलने की क्षमता रखती हैं।

## गावस्कर, कपिल सहित दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटरों ने पाक सरकार को पत्र लिखकर इमरान को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को कहा

नई दिल्ली । भारतीय टीम के दो पूर्व कप्तानों सुनील गावस्कर और कपिल देव सहित दुनिया भर के 14 दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों ने पाकिस्तान सरकार को एक पत्र लिखकर पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को कहा है । इमरान दिग्गज क्रिकेटर रहे हैं और उनकी कप्तानी में ही पाक टीम ने साल 1992 में एकमात्र विश्वकप जीता था । संन्यास के बाद राजनीति में आये इमरान प्रभानमंत्री भी रहे है पर आजकल वह भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है । काल कोठरियों में बंद इमरान की हाल बेहद खराब बतायी जा रही है । उनके परिवार और समर्थकों की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने 73 साल इमरान की चिकित्सा जांच के आदेश दिये थे जिनपर सरकार ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है । सरकारी आंकड़ों के अनुसार उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता था पर इसकी जगह पर डॉक्टरों की टीम को रावलपिंडी की अडियाला जेल भेज दिया गया । इमरान के खिलाफ खेले गावस्कर और कपिल सहित भारतीय क्रिकेटरों ने उनकी बिगड़ती हालत पर चिन्ता जतायी है । साथ ही कहा कि इमरान की आंखों की रोशनी भी तेजी से जा रही है । पिछले ढाई साल से उनकी खराब सेहत की खबरें आ रही हैं जिससे हम दूखी हैं । हम चाहते हैं कि उनके मानवीय अधिकारों का सम्मान किया जाये और इंसानियत से पेश आया जाये । हमारा मानना है कि इमरान खान जैसे शीर्ष कद के व्यक्ति के साथ एक पूर्व राष्ट्रीय नेता और वैश्विक खेल हस्ती के रूप में गरिमा और बुनियादी मानवीय सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए ।

# भारत के विक्रम राठौर लाये श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी में बदलाव : जयसूर्या

कोलंबो । श्रीलंका की आईसीसी टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज कोच विक्रम राठौर और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर की अहम भूमिका रही है । श्रीलंकाई टीम के पूर्व कप्तान और कोच कोच सनथ जयसूर्या ने भी इनकी प्रशंसा की है । श्रीलंका की टीम इस बार सुपर–आठ में पहुंची है जबकि पिछले दो टूर्नामेंट में वो ग्रुप स्तर से भी से आगे नहीं बढ़ पायी थी । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पथुम निसांका ने शतकीय पारी खेलकर टीम को जिताया। इसमें राठौर की कोचिंग और टिप्स की अहम भूमिका रही है । उनके आने से हमारे बल्लेबाजों का मनोबल बढ़ा है । मैच के बाद जयसूर्या ने कहा कि कहा, 'आर श्रीधर हमारे क्षेत्ररक्षण कोच हैं, वो भारत से हैं । वहीं विक्रम राठौर हमारे बल्लेबाजी कोच हैं । दोनों काफी अच्छे इंसान हैं । अभ्यास के दौरान जो भी हम चाहते हैं, वो सब करते हैं, जो क्षेत्ररक्षण के लिए बहुत अच्छा है। आईपीएल के अनुभव के साथ वो खिलाड़ियों के साथ अच्छी तरह काम कर रहे हैं और टीम को बेहतर बना रहे हैं । उनके आने से हमारे बल्लेबाजों का मनोबल बढ़ा है ।' उन्होंने टीम की दमदार गेंदबाजी की भी तारीफ की। पहले आठ ओवर में 100 रन बनाने के बाद श्रीलंका ने अपनी स्पिन गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया । अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के हैमस्ट्रिंग इंजरी के बावजूद श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को 20 ओवर में 181 रन पर रोक दिया । मुझे लगता है कि महीश तीक्षणा और बाकी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया ।



# प्रतिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल , छह माह बाद टीम में हुई वापसी

मुम्बई । सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में 24 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी हुई है । प्रतीका टखने की चोट के कारण पिछले काफी समय से टीम से बाहर चल रही थीं । उन्हें ये चोट पिछले साल अक्टूबर में हुए एकदिवसीय विश्वकप में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में फील्डिंग करते समय लगी थी । इसके बाद उनकी जगह पर शेफाली वर्मा को शामिल किया गया था । भारतीय टीम ने तब विश्वकप जीता था। विश्कप में प्रतिका ने जबरदस्त प्रदर्शन कर 300 से अधिक रन बनाये थे। बीसीसीआई के अनुसार 'महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज के लिए प्रतिका को टीम में शामिल किया है क्योंकि इस बल्लेबाज ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है और वह अब पूरी तरह से फिट हैं ।' ब्रिसबेन में पहले मैच के बाद एकदिवसीय सीरीज के अन्य दो मैच 27 फरवरी और एक मार्च को होबार्ट में खेले जाएंगे । वह पहले से ही पर्थ में छह मार्च से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल है ।



टीम इस प्रकार है : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), काशवी गौतम, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल ।

# दुबई पैरा एथलेटिक्स 2026 : भारत का परच, 43 मेडल के साथ पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में बना नंबर 1

**दुबई (एजेंसी)।** भारत ने दुबई 2026 ग्रां प्री - 17वीं फाज़ा इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 पदकों के साथ पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। भारत ने कुल 16 स्वर्ण, 13 रजत और 14 कांस्य पदक अपने नाम किए।

कोलंबिया और केन्या ने 20-20 पदक जीते, जिनमें क्रमशः 11 और 6 स्वर्ण पदक शामिल रहे। मेज़बान यूएई 31 पदकों (6 स्वर्ण) के साथ चौथे स्थान पर रहा। यह सीजन का पहला वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री था।

भारत के लिए यह प्रदर्शन खास रहा क्योंकि अगला डब्ल्यूपीए ग्रां प्री नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होना है। ऐसे में भारतीय एथलीटों ने दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन ग्राउंड पर आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की।

दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने पुरुषों की जेवलिन F64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की। वहीं पेरिस 2024 के स्वर्ण पदक विजेता नवदीप (जेवलिन F41) और धर्मबीर नैन (क्लब थ्रो F51) ने भी गोल्ड जीतकर सीजन की बेहतरीन शुरुआत की।

पेरिस 2024 पैरालंपिक्स की डबल ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर T35 में स्वर्ण और 200 मीटर T35 में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य अपना पर्सनल बेस्ट सुधारना और भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा गोल्ड जीतना है। यह तो बस शुरुआत है।'

भाग्यश्री एम. जाधव ने महिलाओं की शॉट पुट और जेवलिन F34 में भावनात्मक जीत दर्ज कर शानदार वापसी की। अन्य स्वर्ण पदक विजेताओं में रिंकू हुड्डा (जेवलिन F46), वरुण सिंह भाटी (हाई जंप T42), दिलीप महादू गावित (400 मीटर T46) और साहिल सलीम सैय्यद (डिस्कस F54/55) शामिल रहे।

रजत पदक विजेताओं में सुनील कुमार, प्रणव सूरमा और गुरुभास्कर सक्कप्पन शामिल रहे, जबकि कांस्य पदक रंजीत चंदा, पूनम राम, फातिमा खातून, दीपेश कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों ने जीते।

फाज़ा चैंपियनशिप लंबे समय से वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स सर्किट का अहम हिस्सा रही है। दुबई में शीर्ष स्थान हासिल कर भारत ने आने वाली वैश्विक प्रतियोगिताओं से पहले मजबूत संदेश दे दिया है।



# एनएचएआई ने दो राजमार्ग परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए 6,220 करोड़ जुटाए

**- महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल**

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में फैले 310.35 किलोमीटर लंबी दो राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट (एनएचआईटी)के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इसमें महाराष्ट्र में एनएच-53 का 255.97 किमी अमरावती-चिखली-तार्सोद खंड और आंध्र प्रदेश में एनएच-16 का 54.38 किमी गुंडुगोलानु-चिन्ना-अवुतापल्ली खंड शामिल हैं। प्रस्ताव की स्वीकृत राशि 6,220.90 करोड़ रुपये। 'प्राधिकरण के चेयरमैन ने कहा` कि देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के आगे विकास के लिए वित्तीय पूंजी जुटाने में आईएनवीआईटी (अवसंरचना निवेश ट्रस्ट) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस ठेके के साथ एनएचआईटी के माध्यम से मुद्रीकृत कुल परिसंपत्तियां 49,858 करोड़ रुपये होंगी। ष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित एक निवेश (आईएनवीआईटी) राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट ने अब तक सीपीपीआईबी, ओटीपीपी, ईपीएफओ, एनएचएआई और एसबीआई समूह जैसे प्रमुख निवेशकों से चार दौर में पूंजी जुटाई हैं। 700 से अधिक निवेशकों के साथ, एनएचआईटी की इकाइयों का वर्तमान बाजार पूंजीकरण लगभग 28,000 करोड़ रुपये है। एनएचआईटी की इकाइयां एनएसई और बीएसई दोनों पर सूचीबद्ध हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मौजूदा परिसंपत्तियों के मूल्य को बढ़ाने और निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने के प्रयासों में परिसंपत्ति मुद्रीकरण एक रणनीतिक उपकरण के रूप में उभरा है। टोल-ऑपरेट-ट्रांसफर (टीओटी) और अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनवीआईटी) जैसे मॉडलों का लाभ उठाकर, एनएचएआई ने सफलतापूर्वक धन जुटाया है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि में निवेश और विस्तार के अवसर मौजूद : वित्त मंत्री

**- नॉर्वे में निवेश और व्यापार सहयोग पर हुई चर्चा**

**नई दिल्ली ।** भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे के अपने आधिकारिक दौरे के दौरान वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत में निवेश और व्यापार के बड़े अवसरों पर जोर दिया। विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, सौर ऊर्जा परियोजनाएं, रेयर अर्थ प्रोसेसिंग और कार्बन कैप्चर एवं स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते का लाभ उठाने की सहमति व्यक्त की। चर्चा में ब्लू इकॉनमी, ग्रीन इकॉनमी, साथ ही सॉवरेन वेल्थ और पेंशन फंड के माध्यम से निवेश के क्षेत्रों को बढ़ावा देने की रणनीतियों को शामिल किया गया। स्टोलटेनबर्ग ने वित्त मंत्री को बताया कि नॉर्वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस वर्ष के अंत में होने वाली यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उम्मीद जताई गई कि इस यात्रा से भारत-नॉर्वे द्विपक्षीय सहयोग और मजबूत होगा।

सीतारमण ने ओस्लो में वित्त समिति, ईएफटीए समिति और भारतीय-नॉर्वेजियन मैत्री समूह के प्रमुख से भी मुलाकात की। उन्होंने समिति को गिफ्ट-आईएफएससी के दौरे के लिए आमंत्रित किया और इसे एक वैश्विक प्रतिस्पर्धी वित्तीय केंद्र बताते हुए निवेश के अवसरों और कर लाभों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नॉर्वे के सीईओ और निवेशकों के साथ गोलमेज चर्चा और प्रवासी भारतीय समुदाय से मिलने का कार्यक्रम भी रखा।

# भारत में डिजिटल भुगतान की क्रांति, यूपीआई बना सबसे भरोसेमंद माध्यम

**- कुल डिजिटल लेन-देन में लगभग 11 गुना वृद्धि दर्ज की गई**

**मुंबई ।** जहां कभी लेन-देन के लिए नकदी ही सबसे बड़ा सहारा हुआ करती थी, वहीं अब डिजिटल भुगतान आम बात हो गई है। डेबिट-क्रेडिट कार्ड के दौर के बाद मोबाइल आधारित भुगतान प्रणाली ने बाजार पर कब्जा जमा लिया है। खासकर नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा संचालित यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने भुगतान व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है। अब यूजर्स क्यूआर कोड स्कैन कर सेकेंडों में पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं, जिससे यह सुविधा लोगों की पहली पसंद बन गई है। वित्त मंत्रालय की स्टडी के मुताबिक भारत में डिजिटल भुगतान और संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर में तेज़ी से वृद्धि हुई है। कुल डिजिटल लेन-देन में लगभग 11 गुना वृद्धि दर्ज की गई है।

यूपीआई की हिस्सेदारी अब कुल डिजिटल भुगतान का 80 फीसदी तक पहुंच गई है। क्यूआर कोड की संख्या 9.3 करोड़ से बढ़कर 65.8 करोड़ हो गई है, जबकि थर्ड-पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स 16 से 38 तक पहुंच गए हैं, जो बढ़ती फिनटेक भागीदारी को दर्शाता है। 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग में यूपीआई का उपयोग 66 फीसदी तक पहुंच गया है। यह संकेत है कि नई पीढ़ी तेज, आसान और कैशलेस लेन-देन को प्राथमिकता दे रही है। यूपीआई अब कुल भुगतान लेन-देन का 57 फीसदी हिस्सा संभाल रहा है, जबकि नकदी का हिस्सा केवल 38 फीसदी है। 65 फीसदी उपयोगकर्ता दिन में कई बार डिजिटल भुगतान करते हैं।

## एनएचएआई ने दो राजमार्ग परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए 6,220 करोड़ जुटाए

**- महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल**

**नई दिल्ली ।**

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में फैले 310.35 किलोमीटर लंबी दो राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट (एनएचआईटी)के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इसमें महाराष्ट्र में एनएच-53 का 255.97 किमी अमरावती-चिखली-तार्सोद खंड और आंध्र प्रदेश में एनएच-16 का 54.38 किमी गुंडुगोलानु-चिन्ना-अवुतापल्ली खंड शामिल हैं। प्रस्ताव की स्वीकृत राशि 6,220.90 करोड़ रुपये। 'प्राधिकरण के चेयरमैन ने कहा` कि देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के आगे विकास के लिए वित्तीय पूंजी जुटाने में आईएनवीआईटी (अवसंरचना निवेश ट्रस्ट) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस ठेके के साथ एनएचआईटी के माध्यम से मुद्रीकृत कुल परिसंपत्तियां 49,858 करोड़ रुपये होंगी। ष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित एक निवेश (आईएनवीआईटी) राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट ने अब तक सीपीपीआईबी, ओटीपीपी, ईपीएफओ, एनएचएआई और एसबीआई समूह जैसे प्रमुख निवेशकों से चार दौर में पूंजी जुटाई हैं। 700 से अधिक निवेशकों के साथ, एनएचआईटी की इकाइयों का वर्तमान बाजार पूंजीकरण लगभग 28,000 करोड़ रुपये है। एनएचआईटी की इकाइयां एनएसई और बीएसई दोनों पर सूचीबद्ध हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मौजूदा परिसंपत्तियों के मूल्य को बढ़ाने और निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने के प्रयासों में परिसंपत्ति मुद्रीकरण एक रणनीतिक उपकरण के रूप में उभरा है। टोल-ऑपरेट-ट्रांसफर (टीओटी) और अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनवीआईटी) जैसे मॉडलों का लाभ उठाकर, एनएचएआई ने सफलतापूर्वक धन जुटाया है। इस राशि को नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में पुनर्निवेश किया जा रहा है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान मुद्रीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों की कुल राशि लगभग 28,077 करोड़ रुपये है।राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्तियों की गुणवत्ता एवं दीर्घावधि में वृद्धि के लिए यह दृष्टिकोण न केवल वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करता है बल्कि निजी क्षेत्र की कार्यकुशलता तथा उन्नत प्रौद्योगिकियों को भी शामिल करता है।

## ओला इलेक्ट्रिक का घाटा कम हुआ, राजस्व में गिरावट

मुंबई। ओला इलेक्ट्रिक ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही मे घाटा घटाकर 487 करोड़ रुपये किया, जो पिछले साल की समान तिमाही के 564 करोड़ रुपये से कम है। वहीं राजस्व 470 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर लगभग 55 फीसदी घटा। तिमाही में कुल 32,680 यूनिट्स डिलीवर की गईं। ग्रॉस मार्जिन रिकॉर्ड 34.3 फीसदी पर पहुंचा। कंपनी ने इस तिमाही को स्ट्रक्चरल रीसेट का दौर बताया। रिटेल नेटवर्क और ऑपरेटिंग मॉडल में बदलाव किए गए, लागत कम करने और सर्विस नेटवर्क मजबूत करने पर जोर दिया गया। आने वाले तिमाहियों में परिचालन व्यय 250-300 करोड़ रुपये प्रति तिमाही तक घटाने का लक्ष्य रखा गया। ओला ने बैटरी उत्पादन दोगुना कर 72,418 सेल्स तक पहुंचाया। इन-हाउस 4680 भारत सेल पहली बार व्यावसायिक वाहन में तैनात किए गए। गीगाफैक्ट्री की वर्तमान क्षमता 2.5 जीडब्ल्यूएच है, जिसे मार्च 2026 तक 6 जीडब्ल्यूएच करने की योजना है।

## एनआरआई का भारत की ओर रुझान, स्वास्थ्य बीमा खरीद में 126 फीसदी उछाल

**- कम प्रीमियम और डिजिटल सुविधा की वजह से वृद्धि दर्ज की गई**



**नई दिल्ली ।**

डिजिटल बीमा प्लेटफॉर्म पॉलिसी बाजार की ताजा रिपोर्ट के अनुसार विदेशों में बसे भारतीयों (एनआरआई) द्वारा भारत में खरीदी जा रही स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों में सालाना आधार पर 126 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यह रुझान दर्शाता है कि एनआरआई अब भारतीय स्वास्थ्य बीमा को केवल आपातकालीन जरूरत के लिए नहीं, बल्कि एक संपूर्ण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में देख रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कम प्रीमियम, आसान डिजिटल प्रक्रिया और एआई आधारित टेलीमेडिकल जांच जैसी सुविधाओं ने इस वृद्धि को गति दी है। जहां खाड़ी देशों में स्वास्थ्य बीमा का प्रीमियम 2000 से 3000 डॉलर तक पहुंच जाता है, वहीं भारत में समान कवरेज 120 से 300 डॉलर के बीच उपलब्ध है। कई मामलों में हवाई यात्रा का खर्च जोड़ने के बाद भी भारत में इलाज अधिक किफायती पड़ता है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और कुवैत सहित खाड़ी देशों से कुल मांग का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा आ रहा है। यूरोप से करीब 25 प्रतिशत, जबकि अमेरिका और कनाडा से 17 प्रतिशत मांग दर्ज की गई है। एशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अफ्रीका से 8 प्रतिशत ग्राहक भारतीय पॉलिसियां खरीद रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि परिवार फ्लोटर पॉलिसियों में 70 प्रतिशत और माता-पिता के लिए अलग कवरेज में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे स्पष्ट है कि एनआरआई अपने भारत में रह रहे परिजनों की दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।



## भारत का कुल निर्यात 860 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचने की संभावना

**अप्रैल-जनवरी 2025-26 में कुल निर्यात 720.76 अरब डॉलर रहा**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल निर्यात (वस्तु और सेवाएं) 860 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इसमें सेवा निर्यात 410 अरब डॉलर के स्तर पर रहने का अनुमान है। अप्रैल-जनवरी 2025-26 में कुल निर्यात 720.76 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के समान अवधि के 679.02 अरब डॉलर की तुलना में 6.15 प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2026 में वस्तु निर्यात 36.56 अरब डॉलर रहा, जो साल-दर-साल 0.6 प्रतिशत बढ़ा। प्रमुख बढ़त देने वाले उत्पादों में इंजीनियरिंग उत्पाद (10.40 अरब डॉलर, प्लस 10.37 फीसदी), पेट्रोलियम उत्पाद (3.77 अरब डॉलर, प्लस 8.55 फीसदी), मीट, डेयरी और पोल्ट्री (0.61 अरब डॉलर, प्लस 17.92 फीसदी), समुद्री उत्पाद (0.61 अरब डॉलर, प्लस 13.29 फीसदी) और लोहा एवं लौह अयस्क (0.21 अरब डॉलर, प्लस 31.54 फीसदी) शामिल हैं। अप्रैल-जनवरी 2025-26 में कुल आयात 823.41 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की तुलना में बढ़ा है। जनवरी में आयात में तेज़ी मुख्य रूप से सोना और चांदी की कीमतों बढ़ने से हुई। इसी दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 102.65 अरब डॉलर हो गया। जनवरी में अमेरिका को वाणिज्यिक निर्यात 6.58 अरब डॉलर तक पहुंचा, मासिक आधार पर 4.5 फीसदी की गिरावट के साथ। 7 फरवरी से अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क घटा दिया।

## भारत में जनवरी में बेरोजगारी दर पांच फीसदी तक बढ़ी


**- ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी सुस्ती प्रमुख कारण बनी**




**नई दिल्ली।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में जनवरी, 2026 में बेरोजगारी दर बढ़कर 5 प्रतिशत हो गई, जबकि दिसंबर, 2025 में यह 4.8 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बताया कि यह वृद्धि मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में फसल कटाई के बाद आई मौसमी सुस्ती और कुछ श्रमिकों द्वारा अस्थायी रूप से काम की तलाश न करने के कारण हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर दिसंबर के 3.9 प्रतिशत से बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गई। शहरी क्षेत्रों में यह 6.7 प्रतिशत से बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई। एनएसओ ने कहा कि शहरी श्रम बाजार की स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर रही। पुरुषों में बेरोजगारी दर लगभग स्थिर रही, जबकि महिलाओं में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एनएसओ ने इसे अल्पकालिक उतार-चढ़ाव बताया, न कि श्रम बाजार की संरचनात्मक कमजोरी। जनवरी में कुल एलएफपीआर 55.9 प्रतिशत रही, ग्रामीण में 58.7 प्रतिशत और शहरी में 50.3 प्रतिशत। महिला एफएफपीआर जनवरी में 35.1 प्रतिशत रही, ग्रामीण में 39.7 फीसदी और शहरी में 25.5 फीसदी रही। कुल डब्ल्यूपीआर जनवरी में स्थिर रही। ग्रामीण क्षेत्र में यह 56.2 प्रतिशत, शहरी में 46.8 प्रतिशत। पुरुष और महिला डब्ल्यूपीआर में ग्रामीण क्षेत्रों में मामूली गिरावट, शहरी क्षेत्रों में स्थिरता रही। एनएसओ ने बताया कि यह आंकड़ा 3,73,158 व्यक्तियों से संकलित किया गया है। जनवरी, 2025 से पीएलएफएस की पद्धति में संशोधन के बाद अब मासिक और तिमाही अनुमान जारी किए जाते हैं।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

**मुम्बई ।**




भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। इस कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक बढ़कर 83,450.96 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक उछलकर 25,725.40 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान ही लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में तेजी आई। वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 224.90 अंक बढ़कर 59,881.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 95.80 अंक उछलकर 17,146.70 पर बंद हुआ।

आज सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में आये उछाल से बाहर ऊपर आया है। वहीं एफएमसीजी, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑटो, फार्मा, पीएसई, हेल्थकेयर, इन्फ्रा लाभ में रहे । दूसरी ओर कमोडिटीज, रियल्टी, ऑयलएंडगैस और फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स पैक में बीईएल, एलएंडटी, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, एचसीएल टेक, सन फार्मा, इंडिगो, एसबीआई, टीसीएस, पावर ग्रिड के शेयर लाभ में रहे। टाटा स्टील, ट्रेंट, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक के शेयर गिरावट पर रहे। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले।

शुरुआती कारोबार में मुनाफावसूली के चलते बाजार नीचे आया। सेंसेक्स 83,197 अंक कीगिरावट के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स 165.35 अंक की गिरावट के साथ 83,111.80 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 25,637 पर खुला और कुछ ही मिनटों में 25,600 के नीचे फिसल गया। बाजार सोमवार को हरे निशान पर बंद हुआ।

मंगलवार को एशियाई शेयरों में मामूली बढ़त हुई।

## भारतीय कंपनियों के लिए एआई नौकरियों के बड़े अवसर लेकर आई: नैसकॉम

**- नौकरियों में कटौती नहीं होगी, बल्कि कामकाज की प्रकृति बदल जाएगी**

**नई दिल्ली ।** उद्योग संगठन नैसकॉम में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रमुख ने कहा कि एआई का तेजी से विकास भारतीय कंपनियों के लिए बड़े अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे नौकरियों में कटौती नहीं होगी, बल्कि कामकाज की प्रकृति बदल जाएगी। एआई के बढ़ते उपयोग से भूमिकाओं और कार्यों में परिवर्तन होगा, जिससे पेशेवरों की क्षमताओं की मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत एआई को लागू करने और इसका लाभ उठाने के लिए कौशल निर्माण में तेजी ला रहा है। आने वाले महीनों में लगभग डेढ़ लाख लोगों को एआई आधारित विकास कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर कॉलेजों के लिए आवश्यक पाठ्यक्रम तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त सुनिश्चित करेगा। यह भी कहा कि वैश्विक स्तर पर एआई के इस्तेमाल के लिए और अधिक पेशेवरों की जरूरत है, और भारत इस मामले में एक मजबूत स्रोत है। अल्प अवधि में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं, लेकिन लंबी अवधि में भारतीय कंपनियों को इस तकनीक से लाभ होगा।

# भारत में बिजली क्षेत्र में एआई से स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को मिलेगा बढ़ावा: आईईए विशेषज्ञ

**- बिजलीकरण बढ़ने के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, विशेषकर सौर और पवन की हिस्सेदारी बढ़ी**

**नई दिल्ली ।**

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए)के ऊर्जा विशेषज्ञ सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि भारत में बिजली प्रणालियों की जटिलताएँ तेजी से बढ़ रही हैं। उनका कहना था कि बिजलीकरण बढ़ने के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, विशेषकर सौर और पवन-की हिस्सेदारी बढ़ी है। इससे बिजली प्रणाली में अस्थिरता और उतार-चढ़ाव बढ़ गए हैं, क्योंकि पहले ज्यादातर बिजली स्रोत स्थिर थे। सिंह ने बताया कि इन जटिलताओं को संभालने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) अहम हो सकती है। एआई बिजली उत्पादन और खपत का वास्तविक समय में विश्लेषण कर सकता है, जिससे नेटवर्क अधिक स्वचालित और स्थिर बन सके।




विशेष रूप से, बैटरी और ऊर्जा भंडारण का प्रबंधन एआई द्वारा बेहतर तरीके से किया जा सकता है, ताकि सौर और पवन ऊर्जा के उतार-चढ़ाव को संतुलित किया जा सके। भारत में परिवर्तनीय बिजली उत्पादन का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी है।

सौर और पवन ऊर्जा के लिए हर मिनट मौसम और बादलों की स्थिति पर निगरानी आवश्यक है। एआई सिस्टम इन डेटा को प्रोसेस करके उत्पादन और मांग का संतुलन बनाए रख सकते हैं। सिंह ने बताया कि अब दीर्घकालिक स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य हैं, जो पहले नहीं थे। इसके लिए सिस्टम को अधिक स्वचालित बनाने की जरूरत है। नए बाजार मॉडल और स्मार्ट ग्रिड में एआई तेजी से निर्णय लेने में मदद करेगा।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 7 पैसे की की बढ़त के साथ ही 90.67 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.73 पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मजबूत डॉलर और विदेशी पूंजी की निकासी ने हालांकि स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.72 पर खुला। हालांकि बाद में फिसलकर 90.73 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसा की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को आठ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.74 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.14 पर रहा।




## स्पाइस लॉग फूड वर्क के शेयर में उछाल, शेयर पर निवेशकों की नजर

मुंबई । स्पाइस लॉग फूड वर्क के शेयरों में` पिछले दिन करीब 5 फीसदी की तेजी देखी गई। दिन की शुरुआत 36.60 रुपए पर हुई, जबकि इंट्रा-डे हाई 40.44 रुपए रहा। दोपहर 1:40 बजे शेयर 40.40 रुपए पर था। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में स्टॉक 24 फीसदी बढ़ा और एक महीने में 10 फीसदी से अधिक की तेजी दर्ज हुई। कंपनी का प्रदर्शन लंबी अवधि में भी आकर्षक रहा है। बीते एक साल में शेयर ने 196 फीसदी का रिटर्न दिया और पिछले पांच साल में इसमें 3,200 फीसदी से अधिक की उछाल आई, जिससे यह मल्टीबैगर साबित हुआ। हाल ही में घोषित तिमाही रिपोर्ट में सालाना आधार पर शुद्ध लाभ 1.04 लाख रुपए से बढ़कर 2.21 लाख रुपए हुआ। हालांकि, तिमाही आधार पर पिछले सितंबर तिमाही की तुलना में मुनाफा 61 फीसदी घट गया।



# 30 अप्रैल को थिएटर्स में आएगी राम चरण की आने वाली फिल्म 'पेद्दी'

साउथ सुपरस्टार राम चरण इन दिनों निजी और प्रोफेशनल दोनों वजहों से चर्चा में हैं। हाल ही में वह जुड़वां बच्चों एक बेटे और एक बेटी के पिता बने हैं। पिछले महीने उनकी पत्नी उपासना ने बच्चों को जन्म दिया था। उनकी आगामी फिल्म 'पेद्दी' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। जब से फिल्म 'पेद्दी' का ऐलान हुआ है, तब से यह सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा में बनी हुई है। अब मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट भी बता दी है। 'पेद्दी' 30 अप्रैल 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नए पोस्टर में राम बेहद दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। वह लंबे बाल, बड़ी दाढ़ी, खून से सना चेहरा और धूल में लिपटे रफ-टफ अवतार में दिखाई दे रहे हैं। भीड़ के बीच खड़े राम चरण की मौजूदगी एक ताकतवर और मास अपील वाले किरदार की ओर इशारा करती है। पोस्टर के साथ मेकर्स ने लिखा... 'उसके आने की तारीख बदल सकती है, लेकिन उसकी ताकत और जज्बा नहीं।' बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही 'पेद्दी' को एक बड़ी पैन इंडिया फिल्म माना जा रहा है। फिल्म में राम के साथ जाह्नवी कपूर भी लीड रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा जगपति बाबू, शिवा राजकुमार और दिव्येंदु शर्मा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।






# ट्रोल होने पर क्या करती हैं तृप्ति डिमरी

तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 'वैलेंटाइन डे' से एक दिन पहले 13 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में तृप्ति डिमरी अफशा का किरदार निभाएंगी। इसमें उनके साथ शाहिद कपूर अहम किरदार में हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अमर उजाला से खास बातचीत की है। उन्होंने बताया है कि वह ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं।

## ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं तृप्ति?

तृप्ति डिमरी से जब पूछा गया कि जब कोई उन्हें ट्रोल करता है, तो उन्हें कैसा लगता है? इस पर उन्होंने कहा 'मैं रोती हूं। इंसान हूं, इसलिए कभी-कभी बहुत रोती भी हूं। लेकिन अगर कोई मेरी फिल्म या मेरे काम को लेकर आलोचना करे, तो मैं उस पर नहीं रोती। मैं इसे ऐसे लेती हूं कि किसी को मेरा काम पसंद आएगा, किसी को नहीं। सबको खुश करना संभव नहीं है।'

## पर्सनल कमेंट लगते हैं बुरे

उन्होंने आगे कहा 'हां, अगर कोई पर्सनल कमेंट कर दे, तो वह बात मुझे बुरी लगती है। बिलकुल अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर भी, मैं उस पर रोती नहीं हूं। मुझे कोई इतनी आसानी से रुला नहीं सकता।'

## प्यार पर क्या बोलीं तृप्ति?

तृप्ति डिमरी ने प्यार पर अपनी बात रखते हुए कहा 'अगर मैं खुद को फिल्म की लव स्टोरी में रखूं, तो जिस बात से मैं सबसे ज्यादा जुड़ पाती हूं, वह है इस कहानी में मौजूद प्यार की सच्चाई। मुझे हमेशा लगता है कि प्यार ऐसा ही होना चाहिए। सीधा, साफ और बिल्कुल पवित्र। यही चीज इस कहानी में भी है। यही बात मेरी अपनी रियल लाइफ से भी सबसे ज्यादा मिलती है।

## कौन है फिल्म का निर्देशक?

फिल्म 'ओ रोमियो' एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसके लेखक और निर्देशक विशाल भारद्वाज हैं। इसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। फिल्म में तृप्ति और शाहिद के अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल भी होंगी।



# नाम बदलने के फैसले के बाद 'घूसखोर पंडित' विवाद पर मनोज बाजपेयी ने दी प्रतिक्रिया

नेटफ्लिक्स पर आने वाली मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडित' अपनी घोषणा के बाद से ही विवादों में घिरी है। फिल्म के नाम को लेकर ब्राह्मण समुदाय और एफडब्ल्यूआईसीई ने आपत्ति जताई और रिलीज पर रोक लगाने की मांग की थी। जब मामला कोर्ट में पहुंचा तब मेकर्स ने फिल्म का नाम बदलने का फैसला किया। अब इस पूरे मामले में मनोज बाजपेयी की प्रतिक्रिया भी सामने आई है।

## हम छोटी-छोटी बातों पर भड़क उठते हैं

डेक्कन क्रॉनिकल से बात करते हुए फिल्म के लीड एक्टर मनोज बाजपेयी ने विवाद पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'हमारा देश बहुत संवेदनशील हो गया है। हम हमेशा तनाव में रहते हैं, छोटी-छोटी बातों पर भड़क उठते हैं और व्यक्तिगत रूप से अपशब्दों का प्रयोग करने लगते हैं। अब फिल्म के शीर्षक में इन सभी बातों का ध्यान रखा जा रहा है।'

## मेकर्स ने लिया फिल्म का नाम बदलने का फैसला

इससे पहले नेटफ्लिक्स पर फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसको लेकर विवाद शुरू हो गया था। देश के अलग-अलग हिस्सों में ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं कोर्ट में भी फिल्म के टाइटल को लेकर इसे भड़काऊ और ब्राह्मणों का अपमान करने वाला बताते हुए याचिका दायर की गई। इसमें फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की बात कही गई। हालांकि, बीते दिन दिल्ली हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने कोर्ट को बताया कि मेकर्स फिल्म के नाम में बदलाव करने को तैयार हैं। मेकर्स की ओर से आश्वस्त किया गया कि प्रमोशनल सामग्री पहले ही हटा ली गई है और फिल्म का नाम भी बदल दिया जाएगा। हालांकि, अभी तक फिल्म के नए नाम की घोषणा नहीं की गई है।

**नीरज पांडे ने किया है निर्माण**

नीरज पांडे द्वारा निर्मित 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, श्रद्धा दास, अक्षय ओबेरॉय और कीकू शारदा भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।



# गोलमाल 5 में हुई करीना की वापसी

रोहित शेट्टी की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइज 'गोलमाल 5' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में करीना कपूर की वापसी तय हो चुकी है और वह एक बार फिर अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इसके साथ ही रोहित शेट्टी ने फिल्म में अक्षय कुमार को शामिल कर दिया है। अजय, अक्षय और करीना जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने 'गोलमाल 5' को अब तक की सबसे बड़ी और दमदार टीम वाली फिल्म बना दिया है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक... 'करीना की कास्टिंग में थोड़ा वक्त लगा। इसकी वजह डेट्स और कुछ अन्य मुद्दों पर बातचीत थी।'

## फिल्म में अजय का ही रहेगा अहम किरदार

'गोलमाल' फ्रेंचाइज के अब तक आए चारों पार्ट हिट साबित हुए हैं। अब अक्षय की एंट्री और करीना की वापसी ने इस उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। फिल्म इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इतने बड़े सितारों को एक साथ लाना आसान नहीं होता। फिल्म में अजय का ही किरदार अहम रहेगा।



# विक्रांत मैसी ने रिटायरमेंट को लेकर कही बड़ी बात

विक्रांत मैसी ने हाल ही में अपने रिटायरमेंट को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर बात की है। अभिनेता ने साल 2024 में टेंपरेरी रिटायरमेंट को लेकर पोस्ट शेयर की थी। पोस्ट के बाद फैंस में खलबली मच गई थी। उनके एक पोस्ट से सबको यह लगा कि एक्टर रिटायरमेंट लेने वाले हैं। अब उन्होंने बताया है कि उनकी पोस्ट का मतलब क्या था।

## विक्रांत मैसी ने लिया था एक्टिंग से ब्रेक

अभिनेता विक्रांत मैसी ने क्लियर किया कि उनकी दिसंबर 2024 की पोस्ट का मतलब रिटायरमेंट से नहीं था। बल्कि यह एक जरूरी ब्रेक था, जो गंभीर बर्नआउट और परिवार के साथ समय न बिताने के पछतावे की वजह से लिया गया था।

## लोगों को हुई गलतफहमी

अभिनेता ने सोशल मीडिया पर हुए वायरल पोस्ट के बारे में बात करते हुए कहा, 'एक्स पर शब्दों की लिमिट होती है, उसमें मैंने सारी जानकारी देने की कोशिश की। लेकिन पूरी जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पाई। लोगों ने बहुत कुछ गलत समझ लिया। मैं सिर्फ ब्रेक लेना चाहता था। उस समय मैं बहुत ज्यादा थकान से जूझ रहा था। अगर आप अपने काम की वजह से पलों का आनंद नहीं ले पा रहे, तो सफलता का क्या फायदा?

## काम इंतजार कर सकता है...

अभिनेता के मुताबिक उन्होंने अपने बेटे के मुंह से पहली बार 'पापा' सुनने का पल मिस कर दिया। इससे उन्हें समझ आया कि प्रोफेशनल उपलब्धियां कुछ समय के लिए हैं, लेकिन बेटे का बचपन वापस लौटकर नहीं आएगा। 7 महीने के ब्रेक के दौरान, उन्होंने एक पति और पिता होने का दायित्व निभाया। उन्होंने कहा, 'काम इंतजार कर सकता है, लेकिन परिवार के साथ बिताए पल वापस लौटकर नहीं आते।'



# यह जिंदगी बदल देने वाली फिल्म है 'कैनेडी'

अभिनेत्री सनी लियोन जल्द ही अनुराग कश्यप की फिल्म 'कैनेडी' में नजर आएंगी। सनी लियोन इस फिल्म को अपने 15 साल के करियर में सबसे खास मानती हैं। साथ ही उनका कहना है कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इस फिल्म के लिए उन्हें कॉल किया था। 'कैनेडी' काफी वक्त से तैयार है और कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इसे तारीफें भी मिल चुकी हैं। अब सनी लियोन ने फिल्म के अपने अनुभव के बारे में बात की।

## फिल्म को लेकर उत्साहित हैं सनी

इंडिया टुडे के साथ बातचीत के दौरान सनी लियोन ने फिल्म के लिए अपनी तैयारी और इस फिल्म की गंभीरता को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। मैं वहां थोड़े समय के लिए ही थी, लेकिन उस दौरान इस फिल्म पर काम करना एक अद्भुत अनुभव रहा। इसमें जो मेहनत लगी है, इस फिल्म के लिए हम जितनी जगहों पर गए हैं और अलग-अलग जगहों, देशों, फिल्म समारोहों और यहां तक कि आम लोगों से भी जो प्रतिक्रिया मिली है, वह कमाल की है। सच में यह बहुत ही रोमांचक है। कैनेडी को आखिरकार एक घर मिल गया।' फिल्म में कम स्क्रीन टाइम को लेकर सनी ने कहा कि यह निश्चित रूप से किरदार के बारे में है। यह स्क्रीन टाइम के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि फिल्म में वह समय कितना प्रभावशाली है। मुझे लगता है कि इसका हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत ही अद्भुत अनुभव था। जब आप इसे देखते हैं, तो ऐसा नहीं लगता कि मैं वहां हूं और फिर गायब हो जाती हूं। यह अधिकांश बड़ी फिल्मों की तरह, केवल एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है। इसमें कई अलग-अलग किरदार हैं।

## अनुराग कश्यप के साथ ऐसी थी पहली मुलाकात

अनुराग कश्यप के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए सनी लियोन ने कहा मैं चौंक गई थी। मैंने सोचा, 'आप मुझे फोन करना चाहते थे?' तो पहले उन्होंने डेनियल को फोन किया और डेनियल ने कहा, 'आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं भाई? आप सीधे सनी को फोन करके पूछ लीजिए।' तो जब उन्होंने फोन किया, तो दूसरी तरफ डेनियल ने कहा, 'हे भगवान, यह तो कमाल है।' और फिर उन्होंने फोन करके कहा कि वह चाहते हैं कि मैं इस रोल के लिए ऑडिशन दूं। मैं ऑडिशन के लिए तैयार थी, लेकिन मुझे इसके लिए गिड़गिड़ाना पड़ा क्योंकि वह बार-बार कह रहे थे, 'तुम्हें ऑडिशन की जरूरत नहीं है।' मैंने उनसे कहा, प्लीज। अगर अंग्रेजी में है तो मत भेजिए, लेकिन अगर हिंदी में है तो भेज दीजिए। कुछ शब्द मुश्किल हो सकते हैं। तो उन्होंने डायलॉग भेजे और मैंने उन्हें याद कर लिया। मुझे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि ऑफिस के ये सभी लोग मेरे साथ एक मजाक कर रहे थे। मुझे कान्स में डिनर के दौरान पता चला। वे कहने लगे, 'हां, हमने तुम्हारे साथ एक मज़ाक किया था। हम बस यह देखना चाहते थे कि तुम आओगी या नहीं।' मैंने कहा कि क्या आप सच कह रहे हैं? मैंने डायलॉग याद कर लिए थे। मैं बहुत घबराई हुई थी।

## चुनौतीपूर्ण था किरदार

अपने किरदार चार्ली को चुनौतीपूर्ण बताते हुए सनी का कहना है कि अनुराग को भरोसा था मैं कर लूंगी। लेकिन मुझे नहीं था। किरदार की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक चार्ली की विशिष्ट हंसी को हूबहू नकल करना था। शुरू से ही वह इसे चाहते थे। लेकिन मैं सोच रही थी कि मैंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी ऐसे नहीं हंसा। कौन ऐसे हंसता है? इसलिए मैं जहां भी जाती, चार्ली की तरह हंसने लगती थी। किरदार की तैयारी के लिए हमने डायलॉग्स की कोचिंग ली, स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप में भाग लिया। उन्होंने मेरी एक भी लाइन नहीं बदली, जो बहुत अच्छी बात थी। यह वाकई एक जिंदगी बदल देने वाली फिल्म है।

## 20 फरवरी को रिलीज होगी 'कैनेडी'

अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'कैनेडी' में सनी लियोन के साथ राहुल भट्ट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद अब यह फिल्म भारत में 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in